राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारीत

सुरत-गुजरात,संस्करण मंगलवार20अक्टूबर2020 वर्ष-3, अंक -264 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सात साल के बच्चे ने छह साल की बच्ची से किया दुष्कर्म



**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में सात साल के बच्चे ने छह साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले में मकान मालिक को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है। शहर के नगला पटवारी क्षेत्र में एक मकान में रहने वाली महिला ने थाने में शिकायत दी। उसने बताया कि 12 अक्टूबर की शाम को उसकी छह वर्षीय बेटी घर की छत पर खेल रही थी। इसी बीच उसकी बॉल पड़ोसी के घर में चली गई। वह बॉल लेने गई तो पड़ोसी के घर में किराये पर रहने वाले का बेटा उसकी बेटी का मुंह दबाकर टॉयलेट में ले गया। आरोप है कि उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मकान मालिक को नामजद करते हुए अज्ञात किरायेदार के बेटे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा धारा 376, लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्वार्सी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी भी नाबालिग है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अभी मेडिकल रिपोर्ट सामने नहीं आ सकी

## बाढ़ से कर्नाटक बेहाल, मदद के लिए उतरी सेना, हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के चार जिलों में रविवार को भी बाढ़ के हालात गंभीर बने रहे। यहां कृष्णा और भीम नदी उफान पर हैं और सेना, राज्य एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल बचाव कार्य कर रहे हैं तथा बाढ़ के बीच फंसे हजारों लोगों को निकाला गया है।

मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा कि पिछले हफ्ते हुई भारी बारिश के चलते कलबुर्गी, विजयपुरा, यादगिर और रायचूर जिलों में कई गांव बाढ़ के पानी में पूरी तरह से या आंशिक रूप से डूब गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 अक्तूबर को वह बाढ़ग्रस्त इलाकों का हवाई दौरा करेंगे। कर्नाटक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक, बचाव दलों ने अब तक 20,269 लोगों को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों से निकाला है। भारी बारिश होने से तथा पड़ोसी महाराष्ट्र में बांधों से पानी छोड़ने के कारण कर्नाटक के चार जिलों के 111 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ के कारण फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

**हैदराबाद में लगातार बारिश ने मुसीबत बढ़ाई**

हैदराबाद में फिर भारी बारिश हुई। शनिवार शाम 6 बजे शुरू हुई बारिश रविवार सुबह तक जारी रही। 13 अक्तूबर की रात हुई बारिश के बाद जो स्थिति बनी थी, एक बार फिर से शहर में वही हालात पैदा हो गए। कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। ट्रैफिक जाम हो गया। कार पानी में बहती नजर आई। हाइवे पर गाड़ियां ठहर गई। शहर के बालानगर इलाके की झील ओवरफ्लो हो गई। इसके आसपास के निचले इलाकों में पानी भर गया। मेडचल मलकजगिरी के सिंगापुर टाउनशिप और उप्पल के पास बंडलगुडा में 15 सेमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई। इसके साथ ही नामपल्ली, अबिदस, कोठी, बशीरबाग, खैरताबाद, गोशमहल और विजयनगर कॉलोनी में सड़कों पर पानी भर गया। ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (जीएचएमसी) के डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (डीआरएफ) पानी निकालने में जुटी हुई है।

**पवार वर्षा प्रभावित किसानों की मदद के लिए प्रधानमंत्री से मिलेंगे**

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर राज्य के वर्षा प्रभावित किसानों के लिए मदद की मांग करेंगे। मराठवाड़ा में उस्मानाबाद जिले के कांकरबावड़ी, सस्तुर गांवों में सुबह दौरे पर आए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश से प्रभावित किसानों से बातचीत की।

## बिहार विधानसभा चुनाव में 'मोदी मैजिक' पर सबकी नजर, 'नीतीश कुमार के खिलाफ कम होगी सत्ता विरोधी लहर'

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 अक्तूबर से चुनावी सभाएं शुरू करने जा रहे हैं। सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि चुनाव में मोदी फैक्टर कितना असरदार रहेगा। पिछले चुनाव में नीतीश कुमार भाजपा के खिलाफ खड़े थे और तमाम प्रयासों के बावजूद मोदी फैक्टर भाजपा के लिए कारगर नहीं रहा था, लेकिन इस बार स्थितियां उलट हैं। इस बार मोदी नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट मांगेंगे।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक पिछला चुनाव 2015 में हुआ था, उस समय मोदी की लोकप्रियता चरम पर थी। नीतीश कुमार ने राजद के साथ मिलकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ा और जीतने में सफल रहे। मोदी की छवि बिहार चुनावों में तब कोई करिश्मा नहीं दिखा पाई।

**अकेले सत्ता में आना मुश्किल**

राजनीतिक विश्लेषक सीएसडीएस के संजय कुमार कहते हैं कि बिहार में कोई पार्टी अकेले सत्ता में नहीं आ सकती है। यानी तीन में से



दो बड़े दलों को एक साथ मिलना होगा, इसलिए इस बार स्थितियां जुदा हैं। दो बड़े नेता एक साथ आए हैं। एक चेहरा बिहार का है। एक पूरे देश का। यह स्पष्ट है कि दोनों के एक साथ आने से चुनाव में फायदा होगा। पिछले अनुभवों से स्पष्ट है कि विधानसभा चुनावों में अकेले मोदी का इतना असर नहीं है कि पार्टी को जिता सकें। हालांकि, यह सबने देखा है कि लोकसभा चुनावों में मोदी के नाम का असर होता है। बिहार में भी हुआ। संजय कुमार के अनुसार, नीतीश एवं मोदी के एक साथ मैदान में होने से राजग को फायदा होगा। इसकी दो वजह हैं। मोदी एवं नीतीश दोनों की अपनी लोकप्रियता है। दूसरे, मोदी की वजह से नीतीश कुमार के खिलाफ उत्पन्न सत्ता विरोधी लहर कमजोर पड़ती दिख रही है। यदि नीतीश अकेले लड़ते तो उन्हें सत्ता विरोधी लहर का सामना कहीं ज्यादा करना पड़ सकता था। यह तो स्पष्ट है कि दोनों दलों के मिलने से साफ है कि राजग को फायदा हो रहा है। हालांकि, किसका असर कितना है, यह बता पाना मुश्किल है।

**लोजपा का भी असर पड़ेगा**

जिन सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ रही है, वहां भी पार्टी का असली चेहरा नरेंद्र मोदी ही हैं। यानी जो भी हासिल होगा, वह मोदी के चेहरे पर ही होगा। हालांकि, इस मामले में मुस्लिम वोटों के जद यू से छिटकने, लोजपा उम्मीदवारों के खड़े होने से भी चुनावों पर कहीं-कहीं असर पड़ेगा। यह कितना असर डालेगा, अभी कहना मुश्किल है।

## सीमा विवाद को लेकर अगली बातचीत के लिए तैयार भारत-चीन

**नई दिल्ली।** भारत और चीन दोनों देशों की सेनाएं सर्दियों में LAC पर तैनात होनी की तैयारी में लगी हुई हैं और अगले हफ्ते दोनों देशों के बीच लद्दाख में चस रही असहमतियों को लेकर आंठवें आयोजन की उम्मीद की जा रही है। दोनों देशों में से कोई पक्ष बेताब नहीं है। बल्कि दोनों ने ही सेना और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करने का फैसला लिया है। इस वार्ता को उद्धेश्य रहेगा कि सीमा पर किसी भी तरह का तनाव और न बढ़े। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने प्रस्ताव दिया कि दोनों पक्ष पहले बचे हुए और तोपखाने की इकाइयों को डी-एस्केलेशन के हिस्से के रूप में वापस लेते हैं और फिर पैदल सेना के विघटन के लिए जाते हैं, लेकिन भारतीय पक्ष बहुत स्पष्ट है कि बख्तरबंद इकाइयों को वापस नहीं लिया जा सकता है क्योंकि यह इलाके और क्षमता के कारण विरोधी को एक फायदा दे देगा। जैसा कि एक वरिष्ठ सैन्य कमांडर ने समझाया, मुद्दा यह है कि पैंगोंग त्सो के उत्तर और दक्षिण दोनों किनारों के लिए भारतीय सेना का दृष्टिकोण दो बहुत ऊंचे पहाड़ी दर्रों से होकर गुजरता है --- 17,590 फीट ऊंचा चांग ला और 18,314 फीट ऊंचा मार्सिमिक ला।

चंग ला जहां लेह से सड़क के बीच पैंगोंग त्सो के दक्षिणी तट पर स्थित है, वहीं मार्सिमिक ला झील और कोंग्का ला के उत्तर में स्थित है। नाम न छापने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ÷अगर भारत को पंगोंग त्सो के दक्षिण से चांग ला या मार्सिमिक ला से आगे निकलने के लिए अपनी बख्तरबंद इकाइयाँ वापस लेनी पड़ी, तो वे कभी भी सबसे खराब स्थिति में चुनाव लड़ने वाले अंक तक नहीं पहुँचेंगे क्योंकि हर साल अप्रैल से भारी बर्फ से दोनों रास्ते बंद हो जाते हैं। दूसरी ओर पीएलए को एक फायदा है क्योंकि उनके पास मार्सिमिक ला और कोंगका ला से सिर्फ 10 किमी दूर छह-लेन काशगर-ल्हासा राजमार्ग है और उनकी सड़कें अपनी पोस्ट के ठीक ऊपर चल रही हैं।

## कांग्रेस 31 अक्टूबर को देशभर में मनाएगी 'किसान अधिकार दिवस'

### सोनिया गांधी बोलीं-सबसे मुश्किल दौर में लोकतंत्र

**नई दिल्ली।** कृषि कानून और हाथरस मामले को लेकर कांग्रेस ने नए आंदोलन का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने 31 अक्तूबर को पूरे देश मे किसान अधिकार दिवस और और पांच नवंबर को महिला एवम दलित उत्पीड़न विरोधी दिवस मनाने का ऐलान किया है। इसके लिए सभी प्रदेश कांग्रेस और जिला कांग्रेस को निर्देश दिए गए है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों के साथ बैठक के बाद संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी आंदोलन को जारी रखेगी। इसके तहत पार्टी 31 अक्तूबर को किसान अधिकार दिवस मनाएगी। इस दिन सरदार पटेल का जन्मदिन और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है। पार्टी



**इसके लिए सभी प्रदेश कांग्रेस और जिला कांग्रेस को निर्देश दिए गए है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों के साथ बैठक के बाद संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी आंदोलन को जारी रखेगी। इसके तहत पार्टी 31 अक्तूबर को किसान अधिकार दिवस मनाएगी। इस दिन सरदार पटेल का जन्मदिन और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है। पार्टी ने सभी राज्य इकाइयों को इस दिन सत्याग्रह और उपवास करने के निर्देश दिए है।**

ने सभी राज्य इकाइयों को इस दिन सत्याग्रह और उपवास करने के निर्देश दिए है। इसके साथ पार्टी ने पांच नवंबर को महिला एवम दलित उत्पीड़न विरोधी दिवस पर राज्य स्तर पर धरना देने का फैसला किया है। वेणुगोपाल में कहा कि इस बार 14 नवंबर को दीवाली है। इसलिए पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन से एक दिन पहले पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर नेहरू और उनके योगदान विषय पर सम्मेलन करेगी। पार्टी ने कृषि कानूनों के खिलाफ पूरे देश मे हस्ताक्षर अभियान को और तेज करने का भी फैसला किया है।

**सोनिया ने कहा भारतीय लोकतंत्र सबसे मुश्किल दौर में**

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय लोकतंत्र अपने सबसे मुश्किल दौर से गुजर रहा है। सोनिया ने पार्टी की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही जिसमें कृषि कानूनों और दलितों पर कथित अत्याचार के मामलों पर देशभर में विरोध प्रदर्शनों की रूपरेखा पर विचार किया गया।

कांग्रेस महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सोनिया गांधी ने तीन कृषि कानूनों, कोविड-19 महामारी से निपटने, अर्थव्यवस्था की हालत और दलितों के खिलाफ कथित अत्याचार के मामलों पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी ने केंद्र में भाजपा नीत सरकार की 'किसान विरोधी, महिला विरोधी, गरीब विरोधी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू करने का फैसला किया है।

## असम और मिजोरम के सीमावर्ती इलाके में हिंसक झड़प, गृह मंत्रालय ने बुलाई बैठक

**आइजोल/गुवाहाटी।** असम और मिजोरम के लोगों के बीच हुई हिंसक झड़प में कई लोगों के घायल होने के बाद दोनों राज्यों की सीमा पर तनाव की स्थिति बन गई है. हालांकि अधिकारियों का कहना है कि मिजोरम के कोलासिब और असम के कछार इलाके में स्थिति नियंत्रण में है। मिजोरम के गृह मंत्री ललचामलियाना ने कहा कि हालात का जायजा लेने के लिए केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला आज (सोमवार) दोनों राज्यों के साथ होने वाली बैठक की अध्यक्षता करेंगे. उन्होंने कहा है कि बैठक में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव मौजूद रहेंगे. अधिकारियों के मुताबिक हिंसा प्रभावित क्षेत्र मिजोरम के वैरेंगते गांव के पास और असम के लैलापुर में सीआरपीएफ सहित सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया है।

**पथराव के बाद बढ़ा तनाव**-मिजोरम के कोलासिब जिले का वैरेंगते गांव राज्य का उत्तरी हिस्सा है, जिससे गुजरता राष्ट्रीय राजमार्ग-306 असम को इस राज्य से जोड़ता है. वहीं, असम के कछार जिले का लैलापुर इसका सबसे करीबी गांव है. कोलासिब जिले के पुलिस उपायुक्त एच लल्थलंगलियाना ने कहा कि शनिवार शाम को लाठी-डंडे लिए असम के कुछ लोगों ने सीमावर्ती गांव के बाहरी क्षेत्र में स्थित ऑटो रिक्शा स्टैंड के पास कथित तौर पर एक समूह पर पथराव किया, जिसके बाद वैरेंगते गांव के निवासी भारी संख्या में एकत्र हो गए।

**धारा 144 पहले से लागू**

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि इलाके में लागू निषेधाज्ञा (144) के बावजूद वैरेंगते गांव की गुस्साई भीड़ ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब 20 अस्थायी झोपड़ियों और दुकानों को आग लगा दी, जोकि लैलापुर गांव के लोगों की थीं. घंटों तक चली इस हिंसक झड़प में मिजोरम के चार लोगों समेत कई लोग घायल हो गए. झड़प में घायल एक

**महिला मंत्री को लेकर टिप्पणी पर कमलनाथ की सफाई**

## आइटम असम्मानजनक शब्द नहीं; मैं भी आइटम हूं आप भी आइटम हैं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर शब्दों का अनर्थ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इसके जरिए दुष्प्रचार किया जा रहा है। कमलनाथ ने रविवार रात में जारी एक बयान में कहा है कि अभी चुनाव में 15 दिन बचे हैं और शब्दों के अर्थ बदल कर चुनाव जीतने की कोशिश की जा रही है। कमलनाथ ने कहा कि जनता पूछ रही है कि 2018 के दृष्टि पत्र में 10 लाख नौकरियां देने का वादा किया गया था, तो इन 7 महीनों में कितनी नौकरियां दीं। उत्तर देने की बजाय शिवराज सिंह चौहान कह रहे हैं कमलनाथ ने आइटम कहा। कमलनाथ ने कहा कि हां मैंने आइटम कहा है क्योंकि यह कोई असम्मानजनक शब्द नहीं है। मैं भी आइटम हूं आप भी आइटम हैं और इस अर्थ में हम सभी आइटम है। कमलनाथ का दावा है कि लोकसभा और विधानसभा में कार्यसूची को आइटम नंबर लिखा जाता है, पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में भी आइटम नंबर लिखा जाता है। क्या यह असम्मानजनक है? मध्य प्रदेश की जनता जब खून के घूंट पी रही है तो उसके आंसू पौंछने की बजाय आपकी पार्टी मेरे कोक पीने को मुद्दा बना रही है। कमलनाथ ने कहा कि क्या यह कोई मुद्दा है? क्या इससे जनता का जीवन जुड़ा है। उन्होंने कहा कि यह तो बताएं कि अगर कमलनाथ कोक पीना बंद कर दें, तो क्या प्रदेश में माफिया राज रुक जाएगा। बलात्कार रुक जाएंगे। किसानों की आत्महत्या रुक जाएंगी। कमलनाथ ने कहा कि सहानुभूति और दया बटोरने की कोशिश वही लोग करते हैं जिन्होंने जनता को धोखा दिया हो। जिनके पास जनता का सामना करने के लिए कोई सच ना हो। गौरतलब है कि राज्य की 28 विधानसभा सीटों के लिए तीन नवंबर को उपचुनाव होना है। इमरती देवी के खिलाफ डबरा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश राजे के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कमलनाथ ने रविवार को कहा, 'डबरा से सुरेश राजे जी हमारे उम्मीदवार हैं। वह सरल स्वभाव के और सीधे-सादे हैं। ये तो उसके जैसे नहीं हैं।

## सर्दियों में आखिर भारत में क्यों बढ़ सकते हैं कोरोना वायरस के मामले, ये रहे 10 कारण

**नई दिल्ली।** दुनिया में कोरोना का संक्रमण लगातार जारी है। भारत इस मामले में दुनिया का दूसरा सबसे प्रभावित देश है। अभी तक 75 लाख से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। भारत में अभी सर्दी की शुरुआत नहीं हुई है, लेकिन विशेषज्ञ आशंका जता रहे हैं कि सर्दी के आगामी महीनों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ सकते हैं। इसके पीछे कई वजहें गिनाई जा रही हैं। आइए जानते हैं कि किन कारणों से कोरोना के प्रसार के बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

1. ब्रिटेन में सर्दियों की शुरुआत के साथ कोरोना के मामलों में 40 फीसदी की वृद्धि।

2. आशंका है कि ब्रिटेन में इस सर्दी में 120,000 मौतें हो सकती हैं।

3. शुरुआती महीनों के दौरान संक्रमण के फैलने के ठीक बाद यह अफवाह थी कि गर्म और ठंडा मौसम कोरोना वायरस को मार सकता है, लेकिन वायरस गर्मी और मानसून से बच गया है। सर्दियों में बढ़ने की आशंका है।

4. सर्दियों में दूसरे तरह के फ्लू के पनपने की ज्यादा आशंका रहती है। इसलिए कोरोना वायरस के लिए भी ऐसा ही सोचा जा रहा है



पर इस बात की पुष्टि नहीं हुई है।

5. अध्ययनों से पता चलता है कि स्पैनिश फ्लू, एशियाई फ्लू, हांगकांग फ्लू सहित सभी सांस की महामारियों ने खत्म होने के छह महीने बाद दूसरी लहर का सामना किया, लेकिन कोरोना वायरस के मामले में यह सर्दियों के साथ मेल खाएगा।

6. कोरोना वायरस पहली बार नवंबर 2019 में वुहान में पाया गया था, इसलिए इस नवंबर में भी प्रसार की आशंका।

7. एक अध्ययन में कहा गया है कि महाराष्ट्र में स्वाइन फ्लू के मामले सर्दियों में ज्यादा आते हैं।

8. सांस की समस्या वाले लोग सर्दियों के दौरान पीड़ित होते हैं। भारत में प्रदूषण के साथ इसको जोड़ा जा रहा है, क्योंकि प्रमुख शहर अत्यधिक प्रदूषित हैं।

9. कोरोना के व्यवहार में अब तक मौसम परिवर्तन के कारण कोई तब्दीली नहीं दिखी है, लेकिन जैसे-जैसे उन देशों में मामलों की संख्या बढ़ रही है, जहां तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। उम्मीद है कि कोरोना भारत में भी सर्दियों के दौरान अधिक सक्रिय हो जाएगा।

10. नवंबर-दिसंबर में भारत में और अधिक अनलॉक होने की संभावना है। त्योहारों की वजह से नवंबर-दिसंबर में और अधिक ट्रेन, उड़ानें, अंतरराज्यीय यात्रा के साथ जारी रहेंगी, जो कोरोना के मामलों को अधिक बढ़ा सकती हैं। कई यूरोपीय देश कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए अब दूसरे लॉकडाउन के तहत जा रहे हैं।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## कोरोना और रक्त

कोरोना के बारे में किसी भी नई सूचना का सार्वजनिक होना स्वागत के योग्य है। जैसे-जैसे शोध हो रहे हैं, वैसे-वैसे लोगों को ज्यादा से ज्यादा जानकारी होती जा रही है। ब्लड ग्रुप बनाम कोरोना के संबंध पर भी दो अच्छे शोध सामने आए हैं ब्लड एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित हुए पहले नए शोध से पता चलता है कि ब्लड ग्रुप 'ओ' वाले लोग किसी अन्य रक्त समूह की तुलना में कोविड के जोखिम से ज्यादा सुरक्षित हैं। यदि 'ओ' ग्रुप के किसी व्यक्ति को कोरोना हो जाए, तो गंभीर स्थिति में पहुंचने की आशंका बहुत कम होती है। पहले अध्ययन में शोधकर्ताओं ने डेनमार्क हेल्थ रजिस्ट्री से प्राप्त 4,73,000 लोगों की कोविड जांच संबंधी आंकड़ों की तुलना आम आबादी के 22 लाख लोगों से की है। कोविड पॉजिटिव में 'ओ' ग्रुप वाले लोग सबसे कम पाए गए हैं, जबकि 'ए', 'बी' और 'एबी' समूह के लोगों की संख्या संक्रमितों में ज्यादा है। 'ए', 'बी' और 'एबी' समूह के लोगों के संक्रमित होने की आशंका में परस्पर ज्यादा अंतर नहीं है। विभिन्न जातीय समूहों में ब्लड ग्रुप संबंधी आंकड़े अलग-अलग होते हैं, इसलिए शोधकर्ताओं ने इस बात का ध्यान रखते हुए ही नतीजे निकाले हैं, ताकि व्यापक आबादी में ब्लड ग्रुप आधारित खतरे के अंतर को समझा जा सके। हालांकि कनाडा में हुए दूसरे शोध के नतीजे थोड़े अलग हैं। इस शोध में भी 'ओ' ग्रुप के लोगों को ज्यादा सुरक्षित पाया गया है, पर साथ ही, 'बी' ग्रुप के लोगों को भी सुरक्षित श्रेणी में रखा गया है। दोनों ही शोध के मुताबिक, ज्यादा खतरा 'ए' और 'एबी' पर दिख रहा है। वेंकूवर में कोविड-19 से गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पताल में भर्ती हुए 95 रोगियों के आंकड़ों की पड़ताल के बाद पाया गया कि 'ए' और 'एबी' ग्रुप के लोगों को आईसीयू और वेंटिलेटर की ज्यादा जरूरत पड़ रही है। साथ ही, इनके फेफड़ों व किडनी पर भी ज्यादा असर हो रहा है। इन दोनों शोध में जो अंतर दिख रहा है, उस पर और काम करने की जरूरत है। खासकर 'बी' ग्रुप की विशेष रूप से जांच करनी चाहिए। डेनमार्क और कनाडा में हुए शोधों में जो अंतर है, संभव है, किसी तीसरे या चौथे देश में अगर शोध हो, तो नतीजे कुछ और आएं। अगर वाकई ब्लड ग्रुप से कोरोना का कोई खास रिश्ता है, तो उसकी निर्विवाद पुष्टि होनी चाहिए। किसी पुख्ता या एकरूप नतीजे के अभाव में हमें जल्दी ही किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। 'ओ' या 'बी' रक्त समूह के लोगों को आश्वस्त नहीं हो जाना चाहिए। शोध ने केवल इतना कहा है कि इन दोनों रक्त समूह के लोगों पर खतरा अपेक्षाकृत कम है। ऐसा कतई नहीं है कि 'बी' या 'ओ' ग्रुप के लोगों की कोरोना से मौत नहीं हो रही है। अभी जो नतीजे आए हैं, उन्हें शुरुआती ही कहना चाहिए, इसलिए ज्यादातर वैज्ञानिक अभी इस पर खामोश हैं और आगे शोध की जरूरत बता रहे हैं, तो कोई अचरज नहीं। कोरोना की शुरुआत से ही ब्लड ग्रुप आधारित शोध कर रहे वैज्ञानिकों का उत्साहवर्द्धन करना चाहिए। खासकर, भारत जैसे विविध और घनी आबादी वाले देश में ऐसे अध्ययन की ज्यादा जरूरत है। जिन लोगों की मौत अभी तक कोरोना की वजह से हो चुकी है, उनके विस्तृत आंकड़े लेकर शोध करना उपयोगी होगा, ताकि साफ तौर पर पता लगे कि क्या वाकई खून से कोरोना का कोई सीधा या टेढ़ा रिश्ता है।



## आज के ट्वीट

### हाल

किसी ने मुर्ग़े से पूछा ,लोग तुम्हें जीने नही देते, काट डालते हैं, क्यों ? मुर्ग़े ने जवाब दिया- लोगों को जगाने वाले का यही हाल होता है।

- पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ

# एंटीबॉडीज़ कॉकटेल के उपचार से जगी उम्मीदें

मुकुल व्यास

अमेरिकी रिसर्चरों ने पता लगाया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कोविड से छुटकारा दिलाने के लिए डॉक्टरों ने आपातकालीन उपचार के रूप में उन्हें जो प्रायोगिक दवाएं दी थीं, वे बंदरों और चूहों पर आजमाने पर प्रभावी पाई गई हैं। उन्होंने साइंस पत्रिका में प्रकाशित अपने पेपर में बताया कि ट्रंप को दी गई एंटीबॉडीज की कॉकटेल का परीक्षण रीसस मेकाक प्रजाति के बंदरों और गोल्डन हेमस्टर चूहों (सीरिया और तुर्की में पाये जाने वाले चूहे) पर किया गया और इसके अच्छे नतीजे सामने आए। इन दवाओं के प्रयोग से इन जानवरों में कोविड के लक्षणों में उल्लेखनीय कमी आई। यह अध्ययन रिजेनेरोन फार्मास्युटिकल्स के रिसर्चरों ने टेक्सस बायोमेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर किया है। ध्यान रहे कि ट्रंप ने गत दो अक्तूबर को खुद के कोरोना पॉजिटिव होने की घोषणा की थी। कुछ ही दिन पहले उन्होंने वायरस से मुक्त होने की घोषणा करके सबको चौंका दिया और पूरे जोर-शोर से चुनाव प्रचार शुरू दिया। कोविड से उनकी तीव्र रिकवरी एंटीबॉडीज की कॉकटेल से संभव हुई। एंटीबॉडीज के अलावा डॉक्टरों ने उन्हें विटामिन डी, जिंक और पेट में जलन की दवा दी थी। यह प्रायोगिक दवा रिजेनेरोन फार्मास्युटिकल्स ने उपलब्ध कराई थी। यह कंपनी कोविड-19 सहित विभिन्न वायरल इंफेक्शनों के इलाज के लिए एंटीबॉडीज कॉकटेल पर रिसर्च कर रही है। नये अध्ययन में रिसर्चरों ने रीसस मैकाक बंदरों और हेमस्टर चूहों पर एंटीबॉडीज कॉकटेल का परीक्षण किया। अध्ययन के पहले चरण में रिसर्चरों ने स्वस्थ बंदरों को एंटीबॉडीज कॉकटेल दिया, जिसे आरईजीएन-कोव 2 के नाम से भी जाना जाता है। पहले की गई रिसर्च से पता चला था कि ये बंदर सार्स-कोव-2 वायरस से संक्रमित हो सकते हैं लेकिन उनमें बहुत ही हल्के लक्षण दिखाई देते हैं। कॉकटेल लेने के बाद बंदरों में सार्स-कोव-2 वायरस इंजेक्ट किया गया। इसके पश्चात इन बंदरों की निगरानी की गई। रिसर्चर यह देखना चाहते थे कि एंटीबॉडीज कॉकटेल ने इनका कितना बचाव किया। उन्होंने पता लगाया कि कॉकटेल लेने वाले बंदरों में कंट्रोल ग्रुप के बंदरों की तुलना में बहुत मामूली लक्षण दिखाई दिए और उनमें वायरस का लोड भी कम था। कंट्रोल ग्रुप के बंदरों को यह ट्रीटमेंट नहीं दिया गया था। रिसर्चरों ने कुछ बंदरों को वायरस से संक्रमित होने के बाद पुनः एंटीबॉडीज का कॉकटेल दिया। ऐसा करने से उनके लक्षण कम हो गए और वायरस का लोड भी घट गया। रिसर्चरों ने यही उपचार गोल्डन हेमस्टर चूहों पर भी किया। इन चूहों ने कोविड-19 के तीव्र लक्षण दिखाए, जिनमें वजन कम होना शामिल है। रिसर्चरों ने पता लगाया कि सार्स-कोव- 2 से संक्रमित होने से दो दिन पहले चूहों को एंटीबॉडीज कॉकटेल देने पर इनमें बहुत कम लक्षण दिखाई दिए और उनका वजन भी कम नहीं हुआ। चूहों के वायरस से संक्रमित होने के बाद उन्हें पुनः कॉकटेल देने पर उनके लक्षण और कम हो गए और शरीर से वायरस की सफाई हो गई। रिसर्चरों ने इस नए अध्ययन के बाद उम्मीद जताई है कि आरईजीएन-कोव 2 एंटीबॉडीज का प्रयोग कोविड-19 के मरीजों के उपचार के अलावा इस रोग से बचाव के लिए भी किया जा सकेगा। इस बीच, अंतर्राष्ट्रीय रिसर्चरों ने कोविड को नियंत्रित करने के लिए हर्ड इम्यूनिटी के विचार को ख़ारिज कर दिया है। इससे पहले कुछ विशेषज्ञों ने कहा था कि कम जोखिम वाले युवा जनों को सामान्य जीवन में लौटने की इजाजत दी जानी चाहिए तथा ऐसे लोगों को वायरस से संक्रमित होने देना चाहिए। इससे हर्ड इम्यूनिटी उत्पन्न होगी। लेकिन अब 80 अंतरराष्ट्रीय रिसर्चरों ने कहा है कि कोविड महामारी से निपटने के लिए हर्ड इम्यूनिटी का विचार खतरनाक है। ऐसी रणनीति दोषपूर्ण है। इन रिसर्चरों का पत्र लैंसेट पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। यह पत्र कुछ दिन पहले प्रकाशित तीन रिसर्चरों के सुझाव का जवाब है। इन रिसर्चरों ने हर्ड इम्यूनिटी की जोरदार हिमायत की थी। उन्होंने कहा था कि हर्ड इम्यूनिटी रणनीति के लिए कोविड प्रतिबंधों को खत्म किया जाना चाहिए। ऐसी रणनीति से युवा और स्वस्थ लोग सामान्य जीवन शुरू कर सकते हैं और वायरस के खिलाफ इम्यूनिटी उत्पन्न कर सकते हैं।

इस सुझाव पर हजारों विशेषज्ञों, डॉक्टरों और आम व्यक्तियों के हस्ताक्षर किए जाने का दावा किया गया था लेकिन कुछ दिन पहले इस दस्तावेज को लेकर विवाद पैदा हो गया क्योंकि इस पर बहुत से हस्ताक्षर फर्जी पाए गए। लैंसेट में प्रकाशित नये पत्र में कहा गया है कि हार्ड इम्यूनिटी के सिद्धांत का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। अब तक के प्रमाण यह दर्शाते हैं कि कोविड 19 के अनियंत्रित प्रकोप को आबादी के एक वर्ग तक ही सीमित रखना मुश्किल है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में जन स्वास्थ्य, वायरस विज्ञान और संक्रामक रोगों और अन्य वैज्ञानिक क्षेत्रों में कार्यरत विशेषज्ञ शामिल हैं। इनका कहना है कि युवा वर्ग में कोविड-19 के अनियंत्रित प्रसार से समस्त आबादी के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। दूसरी बात यह है कि हम अभी यह नहीं बता सकते कि कोविड बीमारी किसे ज्यादा प्रभावित करेगी और कौन सा वर्ग कम प्रभावित होगा। नये पत्र के लेखकों का कहना है कि नौजवानों और स्वस्थ लोगों में भी कोविड के दीर्घकालीन लक्षण दिखाई दिए हैं, जिन्हें लांग कोविड भी कहा जाता है। इसके अलावा अभी तक इस बात का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है कि कोविड-19 से कुदरती रूप से संक्रमित होने के बाद लोगों में दीर्घकालीन स्थायी इम्यूनिटी पैदा हो जाती है। अतः ज्यादा लोगों को संक्रमित होने देने से महामारी खत्म नहीं होगी बल्कि इससे बार-बार महामारियां उत्पन्न होंगी और स्वास्थ्य कर्मियों और अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ बढ़ेगा। पत्र में कहा गया है कि दुनिया के कई देशों में कोविड का दूसरा दौर शुरू हो चुका है। ऐसे में हमें तत्काल निर्णायक कदम उठाने पड़ेंगे। फिलहाल संक्रमण को दबाने के लिए बंदिशों की आवश्यकता है। इससे स्थानीय प्रकोप का पता लगाने और उसे रोकने के लिए फौरी कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। पत्र में जापान, वियतनाम और न्यूजीलैंड जैसे देशों का हवाला दिया गया है। इन देशों ने दिखला दिया है कि सही जन स्वास्थ्य नीतियों से कोविड के प्रसार को नियंत्रित किया जा सकता है। इन देशों में जीवन लगभग सामान्य हो चुका है। रिसर्चरों के पत्र का मुख्य निष्कर्ष यह है कि जब तक कोविड की वैक्सीन नहीं बन जाती या इसका प्रभावी उपचार नहीं खोजा जाता तब तक कोविड के सामुदायिक प्रसार को नियंत्रित करके ही हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं और आबादियों की रक्षा कर सकते हैं।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।




## ज्ञान गंगा

### सत्य मार्ग

श्रीराम शर्मा आचार्य

निसंदेह सत्य का मार्ग उतना कठिन नहीं है। जितना दिखता है। जो वस्तु व्यवहार में नहीं आती, जिससे हम दूर रहते हैं, वह अजनबी, विचित्र तथा कष्टसाध्य लगती है, पर जब वह समीप आती है, तो वह स्वाभाविक एवं सरल बन जाती है। चूंकि हमारे जीवन में झूठ बोलने की आदत ने गहराई तक अपनी जड़ जमा ली है। बात-बात में झूठ बोलते हैं। बच्चों की हंसी-जिंदगी में, शेखी बघारने के लिए, लोगों को आश्चर्य में डालने के लिए अक्सर अतिरंजित बात कही जाती है। इनसे कुछ विशेष लाभ होता हो, या कोई महत्वपूर्ण स्वार्थ सधता हो, सो बात भी नहीं है, पर यह सब आदत में सम्मिलित हो गया है, इसलिए अनजाने ही हमारे मुंह से झूठ निकलता रहता है। वेदों में स्थान-स्थान पर सत्य की महत्ता को समझाया गया है और सत्यवादी तथा सत्यनिष्ठ बनने के लिए प्रेरणा दी गई है। सत्य का मार्ग चलने में सरल है। यह मार्ग संसार सागर से तरने के लिए बनाया गया है। स्वार्थ के लिए, आर्थिक लाभ के लिए, व्यापार में झूठ बोलना तो आज उचित ही नहीं, एक आवश्यक बात भी समझी जाने लगी है। ग्राहक को भाव बताने में अक्सर दुकानदार झूठ बोलते हैं। घटिया को बढ़िया बताते हैं, चीज के दोषों को छिपाते हैं और गुणों को अतिरंजित करके बताते हैं, जिनसे भोला ग्राहक धोखे में आकर सस्ती और घटिया चीज को बढिया समझ कर अधिक पैसे में खरीद ले। दुकानदार की इस आमप्रवृत्ति को, ग्राहक भी समझने लगे हैं और वे मन ही मन दुकानदार को झूठा, ठग तथा अविश्वस्त मानते हैं। उसकी बात पर जरा भी विश्वास नहीं करते। अपनी निज की समझ का उपयोग करते हैं, दुकानदार की सलाह को ठुकरा देते हैं, दस जगह घूमकर भाव-ताव मालूम करते हैं। चीजों का मुकाबला करते हैं, तब अंत में वस्तु को खरीदते हैं। यह व्यापारी के लिए एक बड़ी लज्जा की बात है कि उसे आमतौर से झूठा और बेईमान समझा जाय, उसकी प्रत्येक बात को अविश्वास और संदेह की दृष्टि से देखा जाए। जिसे अविश्वस्त समझा जाए, जिनकी नीयत पर संदेह किया जाए, जिसे ठग, धोखेबाज और बहकाने वाला माना जाए, वह निःसंदेह अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा खो चुका। इतनी कीमती वस्तु खोकर यदि किसी ने धन कमा भी लिया, तो इसमें न कोई गौरव की बात है और न प्रसन्नता की।




## आज का राशिफल

**मेष** आय के नए स्त्रोत बनेंगे। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। अपनों से पीड़ा मिल सकती है। नेत्र विकार की संभावना है। खानपान में संयम रखें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। ससुराल पक्ष से लाभ होगा।

**वृषभ** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे।

**मिथुन** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**कर्क** व्यावसायिक योजना सफल होगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**सिंह** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। अपनो से संबंधों में कटुता आयेगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कन्या** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। संतान से पीड़ा मिल सकती है। किसी अभिन्न मित्र या रिश्तेदार का भरपूर सहयोग रहेगा। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे।

**तुला** आर्थिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। प्रणय संबंधों में कटुता आ सकती है। नेत्र विकार की संभावना है।

**वृश्चिक** रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**धनु** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। धन हानि की संभावना है।

**मकर** दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। संतान के कारण चिंतित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा।

**कुम्भ** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। नौकरी पेशा व्यक्तियों के पद में उन्नति होने के योग हैं। वाद विवाद की स्थिति आपके हित में न होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मीन** गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। प्रेम संबंध प्रगाढ़ होंगे। किसी रिश्तेदार के आगमन से मन प्रसन्न रहेगा।

# यह राक्षसीय विचार आख़िर आते कहाँ से हैं?



(लेखक- निर्मल रानी)

सोशल मीडिया पर अपनी औक़ात दिखाने की एक और बेहद शर्मनाक व चिंताजनक घटना इन दिनों देश का ध्यान आकर्षित कर रही है। यह घटना देश के क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी तथा देश के खेल जगत का गौरव समझे जाने वाले खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी से जुड़ी है। ग़ौर तलब है कि धोनी इन दिनों आई पी एल मैच में चेन्नई सुपर किंग्स टीम की कप्तानी कर रहे हैं। पिछले दिनों कोलकाता में हुए एक मैच में चेन्नई सुपर किंग्स की कोलकाता नाइट राइडर्स से पराजय क्या हुई कि 'संस्कारी ट्रोलर्स ' ने अपनी औक़ात दिखानी शुरू कर दी। धोनी पर कई लोगों ने बेहूदे,अप शब्द व गली गलौज भरे कमेंट करने शुरू कर दिए। इंतेहा तो यह है कि इसी क्रम में किसी बीमार मानसिकता वाले व्यक्ति ने धोनी की पत्नी साक्षी सिंह धोनी के इंस्टाग्राम पर उनकी 5 वर्षीय मासूम बेटी जीवा धोनी का बलात्कार करने की धमकी तक दे डाली। पूरा देश इस समय ग़ुस्से में है और यह देखकर अवाक् भी है कि आख़िर ऐसी बीमार मानसिकता रखने वाले युवा ट्रोलरज़ अपनी गन्दी मानसिकता से लोगों को कब तक परिचित कराते रहेंगे? इस धमकी के बाद जहाँ धोनी के रांची स्थित मकान व फ़ार्म हाऊस पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है वहीं धोनी के समर्थकों व खिलाड़ियों द्वारा रांची में ज़ोरदार प्रदर्शन कर इस तरह की धमकियों व ट्रोलिंग के विरुद्ध अपने ग़ुस्से का भी इज़हार किया गया है। बहरहाल साईबर विभाग ने अपनी पूरी चौकसी का परिचय देते हुए उस सरफिरे व्यक्ति को खोज निकला है तथा गुजरात निवासी इस युवक को गिरफ़्तार किये जाने का समाचार है। क़ानून व्यवस्था विशेषकर महिला उत्पीड़न,बलात्कार व नृशंस हत्या जैसे मामलों को लेकर देश इस समय एक अभूतपूर्व दौर से गुज़र रहा है। इस प्रकार की मानसिकता रखने वाले तथा ऐसी धमकी देने वालों के गंदे ज़ेहन में ज़ाहिर है पहले इस तरह के विचार आते होंगे तभी तो यह लोग उन गंदे व अमानवीय विचारों को सोशल मीडिया पर व्यक्त कर पाते हैं ? बड़ा आश्चर्य होता है कि मासूम अबोध बच्चियों के विषय में ये लोग इस तरह की कल्पना मात्र भी कैसे कर पाते हैं ? इनके संस्कार,इनका सामजिक परिवेश,इनकी मित्र मंडली के लोग आख़िर इनकी कैसी परवरिश करते है ? भारतवर्ष जिसके बारे में विश्वगुरु बनने के दावे किये जाते हैं,क्या देश में इसतरह के एक भी व्यक्ति के रहते हुए भारत विश्वगुरु कहलाने के योग्य है? हमारे देश में तो संस्कारों,प्राचीन शिक्षा पद्धतियों,धर्म व अध्यात्म आदि की बड़ी बड़ी बातें की जाती हैं। परन्तु धरातल पर इसका परिणाम तो हमें यही नज़र आता है कि कहीं स्वयं को भगवान बताने वाला कोई 'महान संत' बलात्कारी है और जेल में सड़ रहा है तो कहीं कोई धर्मगुरु व बलात्कारी नेता तमाम कुकर्मों के बावजूद अपने ऊँचे रूसूक़ की बदौलत आज़ाद घूम रहा है। कहीं कोई सांसद या विधायक बलात्कार में लिप्त है तो कहीं कोई उच्च अधिकारी। गोया महिला उत्पीड़न,महिलाओं का शारीरिक शोषण,बलात्कार आदि ऐसे चरित्रहीन लोगों का अधिकार हो गया है ? वैसे भी जब देश में बलात्कार पीड़िता या बलात्कार व सामूहिक बलात्कार के बाद बर्बर तरीक़े से की गयी हत्या के बाद भी पीड़िता व मृतक का धर्म जाति देखकर यह निर्णय लिया जाने लगे कि पीड़िता के पक्ष में खड़े होना है या बलात्कारी के पक्ष में,फिर तो इस देश से बलात्कार जैसी सोच व लानत को स्वयं भगवान भी नहीं ख़त्म कर सकता। मुमकिन है कि ऐसे ही बलात्कारी,दुष्कर्मी व अपराधी प्रवृति के यही 'महापुरुष' ऐसी गन्दी मानसिकता रखने वालों के 'आदर्श पुरुष' हों और इन्हीं से इन्हें ऐसे गंदे विचारों की प्रेरणा मिलती हो ? आज इन्हीं घटनाओं की वजह से 'विश्वगुरु' देश की गूँज संयुक्त राष्ट्र संघ तक में सुनाई देती है। बहरहाल,इस समय देश के प्रत्येक सुरक्षा व इंटेलिजेंस विभागों के साइबर सेल द्वारा ही अपनी ऐसी ही चौकसी के द्वारा सोशल मीडिया पर किये जाने वाली इस तरह की अभद्र टिप्पणियों व धमकियों पर लगाम लगाई जा सकती है जैसी कि उसने धोनी के मामले में दिखाई और यथाशीघ्र उसे गुजरात से गिरफ़्तार कर लिया। इसके पहले भी कई विशेष लोगों को अपशब्द कहने व उन्हें धमकी देने वाले कई अपराधियों के विरुद्ध भी ऐसी ही त्वरित कार्रवाई की जा चुकी है। निश्चित रूप से इस समय सोशल मीडिया का खुला मंच अनेक अपराधी मानसिकता रखने वाले लोगों के लिए 'बन्दर के हाथ अस्तुरे' जैसा साबित हो रहा है। गंदे विचार वाले या विचारहीन लोगों को पूरी आज़ादी मिल गयी है कि वे जिसे चाहें,जो चाहें कह सकते हैं। इसे नियंत्रित करने का यही उपाय है कि जिस किसी साधारण या असाधारण व्यक्ति के बारे में कोई भी सरफिरा सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफ़ॉर्म पर अपशब्दों,धमकियों या गली गलौच का इस्तेमाल करे। और साइबर सेल को उसकी शिकायत मिले उसी समय फ़ौरन पूरी सक्रियता से कार्रवाई को अंजाम दे। देश के ऐसे सरफिरे लोगों को सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यह सन्देश दे देना चाहिए कि उनके हाथों में मोबाइल व नेट कनेक्शन होने का अर्थ यह नहीं है कि वे किसी को कभी कभी भी कुछ भी कहने के लिए स्वतंत्र हैं। ऐसे लोगों को यह एहसास दिलाना ज़रूरी है उनके द्वारा की गयी कोई भी भद्दी,बेहूदी व धमकी भरी पोस्ट शिकायत मिलने के कुछ ही पलों में उन्हें सलाख़ों के पीछे पहुंचा सकती है। पिछले दिनों जब सर्वोच्च न्यायालय में एक टी वी चैनल द्वारा देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने संबंधी एक मामले की सुनवाई हो रही थी उस समय स्वयं भारत सरकार ने भी यह दलील पेश की थी कि टी वी चैनल्स से ज़्यादा बड़ा ख़तरा सोशल मीडिया है। फिर आख़िर सरकार इस प्लेटफ़ॉर्म पर आए दिन उंडेली जाने वाली घोर गंदिगी को रोकने के लिए सख़्त दिशा निर्देश क्यों नहीं जारी करती?




## एचडीएफसी लाइफ का मुनाफा दूसरी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 328 करोड़ रुपये हुआ

**नयी दिल्ली,**

एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने सोमवार को बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की दूसरी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ 6.1 प्रतिशत बढ़कर 327.83 करोड़ रुपये हो गया। जीवन बीमा कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 308.98 करोड़ रुपये का मुनाफा हासिल किया था। एचडीएफसी लाइफ ने शेयर बाजार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय करीब 90 प्रतिशत बढ़कर 16,426.03 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 8,661.33 करोड़ रुपये थी। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय 35 प्रतिशत बढ़कर 10,056.71 करोड़ रुपये रही, जबकि निवेश से होने वाली आय 6,318.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,135.12 करोड़ रुपये हो गई।

## एफएसएसएआई की नई खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली नवंबर से पूरे देश में परिचालन में आ जायेगी

**नयी दिल्ली,**

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने सोमवार को कहा कि उसकी खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (एफओएससीओएस) एक नवंबर 2020 से पूरे देश में परिचालन में आ जायेगी। इस नई प्रणाली को मौजूदा खाद्य लाइसेंसिग और पंजीकरण प्रणाली के सथान पर लाया जा रहा है। वर्तमान में नई प्रणाली जून से नौ राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों- तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, ओडिशा, चंडीगढ़, गोवा, मणिपुर, पुडुचेरी और लद्दाख में चालू है। नियामक ने एक बयान में कहा, ''एफएसएसएआई अब एक नवंबर 2020 से इस खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली को पूरे देश में परिचालन में लाने के लिये तैयार है।'' इसने कहा है कि वर्ष 2011 से इसका ऑनलाइन एफएलआरएस (खाद्य लाइसेंसिंग एवं पंजीकरण प्रणाली) पूरे लाइसेंसिंग पारिस्थिकी तंत्र की आत्मा है। यह सभी राज्यों में चालू है और अब तक 70 लाख लाइसेंस / पंजीकरण जारी किए जा चुके हैं, जबकि 40 लाख से अधिक लाइसेंसधारी / पंजीकरण कराने वाले इस पर सक्रिय रूप से लेन-देन कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि ''एफएएसएसआई अपने क्लाउड आधारित, उन्नत नए खाद्य सुरक्षा अनुपालन ऑनलाइन मंच 'एफओएससीओएस' को शुरु कर कर रहा है। यह मौजूदा एफएलआरएस का स्थान ले लेगा।

## महामारी से उबरी चीन की अर्थव्यवस्था, सितंबर तिमाही में 4.9प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ी

**बीजिंग:** चीन की अर्थव्यवस्था ने सितंबर में समाप्त तिमाही में इससे पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। अब चीन की अर्थव्यवस्था कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव से उबरती दिख रही है। सोमवार को जारी सितंबर तिमाही के आंकड़े उम्मीद के अनुरूप आए हैं। चीन की सत्ताधारी कम्युनिस्ट पार्टी ने मार्च में महामारी को पूरी तरह नियंत्रित करने की घोषणा करते हुए कारखानों, दुकानों और कार्यालयों को खोल दिया था। मास्क और अन्य चिकित्सा उत्पादों की विदेशी मांग बढ़ने से चीन का कारखाना उत्पादन भी सुधरा है। इसके साथ ही चीन में खुदरा बिक्री का आंकड़ा भी अब कोविड-19 के पूर्व के स्तर पर पहुंच गया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्थव्यवस्था अब स्थिर तरीके से आगे बढ़ रही है। हालांकि, ब्यूरो ने आगाह किया है कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति अब भी जटिल और गंभीर बनी हुई है। कोरोना वायरस की शुरुआत चीन में पिछले साल दिसंबर में हुई थी। जून में समाप्त तिमाही में चीन ने 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी। महामारी के दौर में चीन वृद्धि दर्ज करने वाला दुनिया का पहला प्रमुख देश था।

# बैंकिंग, वित्त शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 449 अंक चढ़ा, निफ्टी 11,873.05 अंक पर

**मुंबई (एजेंसी).**

वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और घरेलू बाजारों में बैंकिंग और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में लिवाली निकलने से सोमवार को देश के शेयर बाजारों में तेजी का रुख रहा। सप्ताह के पहले दिन बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स 449 अंक ऊंचा रहा जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 11,873 अंक पर पहुंच गया। बीएसई का 30 कंपनी शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 448.62 अंक यानी 1.12 प्रतिशत चढ़कर 40,431.60 अंक पर पहुंच गया वहीं एनएसई का निफ्टी सूचकांक इस दौरान 110.60 अंक यानी 0.94 प्रतिशत बढ़कर 11,873.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक सबसे ज्यादा 5.33 प्रतिशत चढ़ गया। इसके बाद एक्सिस बैंक, नेस्ले इंडिया, स्टेट बैंक, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक, ओएनजीसी और कोटक बैंक के शेयर मूल्यों में तेजी का रुख रहा। इसके विपरीत बजाज आटो, टीसीएस, भारती एयरटेल, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा और मारुति के शेयरों में 2.12 प्रतिशत तक गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 में लाभ रहा जबकि सात नुकसान के साथ बंद हुये। कारोबारियों का कहना है वैश्विक बाजारों से सकारात्मक संकेत पाकर घरेलू बाजारों में कामकाज की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बैंकिंग, वित्तीय, तेल और गैस, धातु और रीयल्टी कंपनियों के शेयरों में लिवाली का जोर रहा। वहीं हांग कांग, टोक्यो और सोल के शेयरो बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुये। दूसरी तरफ चीन के जीडीपी आंकड़े जारी होने के बाद शंघाई शेयर बाजार में गिरावट रही। चीन की आर्थिक वृद्धि दर सितंबर में समाप्त तिमाही के दौरान 4.9 प्रतिशत रही। कोरोना वायरस महामारी के बाद अर्थव्यवस्था धीरे धीरे मजबूती की तरफ बढ़ रही है। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुये चेतावनी दी कि अंतरराष्ट्रीय परिवेश अभी भी जटिल बना हुआ है।

## रॉकफेलर फाउंडेशन ने भारत में कोविड-19 परीक्षण को बढ़ावा देने के लिए अनुदान दिया

**नयी दिल्ली,** रॉकफेलर फाउंडेशन ने सोमवार को कहा कि उसने भारत में कोविड-19 परीक्षण को बढ़ावा देने के लिए सेंटर ऑफ सेलुलर एंड मॉलिकुलर प्लेटफॉर्म्स और बिना मुनाफे के काम करने वाले वैश्विक संगठन 'पाथ' को 55 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 40 करोड़ रुपये) का अनुदान दिया है। रॉकफेलर फाउंडेशन ने एक बयान में कहा कि इस अनुदान से महत्वपूर्ण परीक्षण सामग्री के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, और परीक्षण कार्यक्रमों के स्तर को बढ़ाने के लिए मदद दी जाएगी, जो वायरस के प्रसार को कम करने के लिए जरूरी है। बयान में कहा गया कि साथ ही अनुदान से महामारी की निगरानी और कार्रवाई के प्रयासों में भी तेजी आएगी . भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के विजयराघवन ने कहा कि कोविड वायरस संक्रमण की , विशेष कर संक्रमण की अधिक आशंका वाले लोगों के परीक्षण का विस्तार करना देश के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। राकफेलर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (स्वास्थ्य) नवीन राव ने कोविड की जांच जितने अधिक लोगों में होगी उससे इस महामारी के बारे में सूचनाएं उतनी ही विस्तृत होंगी और उससे भारत को बीमारी से लड़ने में उतनी ही आसानी होगी।

## कल्याण ज्वैलर्स को 1,750 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने के लिए सेबी की हरी झंड़ी

**नयी दिल्ली,** कल्याण ज्वैलर्स इंडिया लिमिटेड को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए करीब 1,750 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी से हरी झंड़ी मिल गई है। कंपनी द्वारा दाखिल रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) के अनुसार आईपीओ के तहत 1,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी करने और 750 करोड़ रुपये मौजूदा शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए जुटाने की योजना है। कल्याण ज्वैलर्स के प्रवर्तक टी एस कल्याणरमन 250 करोड़ रुपये तक के शेयर बेचेंगे, जबकि हाईडेल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ओएफएस के जरिए 500 करोड़ रुपये तक के शेयर बेचेगी। कल्याण ज्वैलर्स सोने और अन्य आभूषण उत्पादों की बिक्री करता है।




# बहुत जल्द आपके हाथों में होगा पेटीएम क्रेडिट कार्ड, मिलेंगी ये सारी सुविधाएं

**(एजेंसी):**




डिजिटल फाइनेंशियल सर्विस प्लेटफॉर्म पेटीएम **(Paytm)** ने सोमवार को कहा कि वो **'Ne&t Generation Credit Cards'** तैयार कर रही है। इस खास पेशकश के जरिए पेटीएम चाहती है कि देश में बड़े स्तर पर लोगों के पास खुद का क्रेडिट कार्ड उपलब्ध हो। साथ ही, डिजिटल इकोनॉमी के माहौल में नए क्रेडिट कार्ड यूजर्स को जोड़ने में मदद मिलेगी। देश के क्रेडिट कार्ड मार्केट के लिए यह एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। पेटीएम का लक्ष्य है कि अगले 12 से 18 महीने में करीब 20 लाख क्रेडिट कार्ड्स जारी किए जाएं। पेटीएम अपने ऐप पर एक इनोवेटिव डिजिटल एक्सपीरिएंस को डिजाइन कर रही है ताकि यूजर्स अपने कुल खर्च को मैनेज कर सकें। यूजर्स को अपने कार्ड पर पूरी तरह से कंट्रोल भी होगा। इसके लिए पेटीएम कार्ड जारी करने वाली कंपनियों के साथ पार्टनरशिप करेगी। पेटीएम के इस नेक्स्ट जेनरेशन क्रेडिट कार्ड्स में इंस्टैंट वन-टच सुविधाएं होंगी। इससे यूजर्स को सिक्योरिटी पिन नंबर बदलने, एड्रेस अपडेट करने, कार्ड ब्लॉक करने, डुप्लीकेट कार्ड जारी करवाने और आउटस्टैंडिंग क्रेडिट लिमिट पता करने जैसे काम खुद ही कर सकेंगे। इस कार्ड में भी कॉन्टैक्टलेस ट्रांजैक्शन के लिए कार्ड को स्विच ऑन या ऑफ करने की सुविधा होगी। यूजर्स के पास अपने कार्ड पर इंटरनेशनल ट्रांजैक्शन बंद करने की भी सुविधा होगी। किसी फ्रॉड के शिकार होने की सूरत में यूजर्स के पैसे को सुरक्षित करने के लिए पेटीएम क्रेडिट कार्ड पर इंश्योरेंस की भी सुविधा होगी। इस सर्विस को यूजर्स द्वारा पेटीएम क्रेडिट कार्ड खर्च से जोड़ा जाएगा। पेटीएम क्रेडिट कार्ड के अप्लाई करने से लेकर जारी होने तक के पूरे प्रोसेस को ऐप के जरिए ट्रैक किया जा सकता है। यूजर्स ऐप के जरिए ही कार्ड या डॉक्युमेंट कलेक्ट करने के लिए उचित समय चुन सकते हैं। पेटीएम क्रेडिट कार्ड के एप्लीकेशन प्रोसेस को कुछ इस तरह से तैयार किया जाएगा ताकि एप्लीकेशन रिजेक्शन रेट को कम किया जा सके। इससे ज्यादा से ज्यादा लोग फॉर्मल क्रेडिट सिस्टम का हिस्सा बन सकेंगे। पेटीएम क्रेडिट कार्ड के जरिए हर ट्रांजैक्शन पर रिवॉर्ड प्रोग्राम भी है, जिसमें एश्योर्ड कैशबैक मिलेगा। जमा होने वो रिवॉर्ड प्वॉइंट्स की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होगी यूजर्स इसे पेटीएम इकोसिस्टम में कभी भी इस्तेमाल कर सकेंगे।

## ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा ढांचे को प्रोत्साहन के लिए 10,000 करोड़ रुपये की योजना का शुभारंभ

**नयी दिल्ली,** केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने सोमवार को एक नई योजना आयुष्मान सहकार का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सहकारी समितियों को 10,000 करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराएगा। एनसीडीसी के प्रबंध निदेशक संदीप नायक ने कहा कि देश में करीब 52 अस्पताल सहकारी समितियों द्वारा संचालित हैं। इन अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या 5,000 है। उन्होंने कहा कि एनसीडीसी के कोष से सहकारिताओं द्वारा स्वास्थ्य सेवा के प्रावधान को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जिन भी सहकारी समितियों के उपनियमों में स्वास्थ्य सेवा से संबंधित गतिविधियों के लिए उचित प्रावधान है, वे एनसीडीसी से ऋण प्राप्त कर सकेंगी। एनसीडीसी की ओर से यह वित्तीय मदद या तो राज्य सरकारों के माध्यम या पात्र सहकारी समितियों को सीधे प्राप्त होगी। अन्य स्रोतों से सब्सिडी या अनुदान परस्पर अनुबंध के हिसाब से होगा। रूपाला ने वर्चुअल तरीके से इस योजना का शुभारंभ करने के बाद कहा कि मौजूदा महामारी के दौर और सुविधाओं के निर्माण की जरूरत महसूस हुई है। ''एनसीडीसी की योजना केंद्र सरकार की ओर से किसानों के कल्याण की गतिविधियों की दिशा में एक ओर कदम है।''

# चीनी कंपनियों को छोटी से छोटी एफडीआई के लिए भी लेनी होगी सरकार की मंजूरी!



**(एजेंसी):**

केंद्र सरकार चीन से आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के नियमों में जल्द ही बड़ा बदलाव कर सकती है। अब चीन जैसे पड़ोसी मुल्कों से आने वाला एफडीआई भले ही कितना भी बड़ी हो या छोटा, उसके लिए पहले सरकार की इजाजत लेनी होगी। पहले सरकार ने कोरोना वायरस महामारी के बीच अनुकूल मौका देखते हुए घरेलू कंपनियों के अधिग्रहण की किसी भी कोशिश पर रोक लगाने के लिए भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों से आने वाले विदेशी निवेश के लिए सरकारी मंजूरी को अप्रैल में अनिवार्य बना दिया था।

**मोदी सरकार ने उठाया था यह कदम**

तब यह माना जा रहा था कि एफडीआई की अधिकतम सीमा कंपनीज एक्ट के तहत 10 फीसदी या फिर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत 25 फीसदी तय की जा सकती है। इस फैसले पर चर्चा के करीब छह महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब एक अधिकारी के अनुसार, सरकार ने कोई भी अधिकतम या न्यूनतम सीमा तय नहीं की है। दरअसल, कोरोना काल के बीच चीन ने भारत में निवेश करना शुरू किया था, जिससे सजग होकर मोदी सरकार ने यह कदम उठाया था। इसके साथ ही यह कदम इसलिए भी उठाया जा रहा है ताकि चीन की कंपनियां सिंगापुर या मॉरिशस जैसे किसी तीसरे देश के जरिए भी भारत में निवेश ना कर सके। चीन का पेटीएम, जोमैटो और बिगबास्केट जैसे स्टार्टअप में काफी निवेश है। आगामी दिनों में पड़ोसी देशों से निवेश को लेकर बनाई जाने वाली गाइडलाइंस भी फाइनल हो जाने की संभावना है।

**भारतीय स्टार्टअप में चीन का चार अरब डॉलर का निवेश**

नांगिया एंडरसन एलएलपी के निदेशक संदीप झुनझुनवाला ने इस बारे में कहा था कि भारत-चीन आर्थिक एवं सांस्कृतिक परिषद के आकलन के अनुसार, चीन के निवेशकों ने भारतीय स्टार्टअप में करीब चार अरब डॉलर का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि, %उनके निवेश की रफ्तार इतनी अधिक है कि भारत के 30 यूनिकॉर्न में से 18 को चीन से वित्तपोषण मिला हुआ है। चीन की प्रौद्योगिकी कंपनियों के कारण उत्पन्न हो रही चुनौतियों को रोकने के लिए कदम उठाने का यही सही समय है।% उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2019 से अप्रैल 2000 के दौरान भारत में चीन से 2.34 अरब डॉलर यानी 14,846 करोड़ रुपए के एफडीआई मिले हैं।

## यात्रियो ने मास्क पहना है या नहीं, उबर ने सत्यापन के लिए फीचर पेश किया

**नयी दिल्ली.**

ऐप आधारित टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी उबर ने कहा है कि उसके जिन यात्रियों ने अपनी पिछली यात्रा के दौरान मास्क नहीं पहना था, उन्हें आगे कैब बुक करने के लिए मास्क पहने सेल्फी दिखानी होगी। उबर ने कहा कि इस नए फीचर से कैब चालकों से मिली जानकारी के आधार पर अगले यात्री के लिए यात्रा को सुरक्षित किया जा सकेगा। इससे पहले उबर ने इसी साल एक प्रौद्योगिकी तैयार की थी जिससे पता चलता है कि उसके चालकों ने वाहन चलाते समय मास्क पहना है या नहीं। इसके लिए चालकों को मास्क पहने सेल्फी लेनी होती है। बयान में कहा गया है कि मई, 2020 में चालकों की मास्क सत्यापन सेल्फी शुरू किए जाने के बाद से देशभर में 1.74 करोड़ से अधिक सत्यापन किए जा चुके हैं। उबर इंडिया एसएस के प्रमुख (आपूर्ति एवं चालक परिचालन) पवन वैश्य ने कहा, ''हमारा मानना है कि जवाबदेही दोनों तरफ से होनी चाहिए। पहले हमने प्रौद्योगिकी के जरिये यह सुनिश्चित किया था कि चालकों ने वास्तव में मास्क पहना है या नहीं। अब हम इसी तरह की प्रौद्योगिकी उन यात्रियों के लिए लाए हैं, जिन्होंने पिछली यात्रा के दौरान मास्क नहीं पहना था।''

## कपिल वधावन की डीएचएफएल के ऋणदाताओं को देने के लिसे 43,000 करोड़ रु. की पारिवारिक संपत्ति की पेशकश

**नयी दिल्ली,**

संकट में फंसी आवास ऋण कंपनी डीएचएफएल के जेल में बंद प्रवर्तक कपिल वधावन ने कंपनी के ऋणदाताओं के बकाया कर्ज को चुकाने के लिए अपनी व्यक्तिगत और परिवार की संपत्तियों की पेशकश की है। वधावन ने इन संपत्तियों का मूल्य 43,000 करोड़ रुपये होने का दावा किया है। वधावन ने इस बारे में रिजर्व बैंक द्वारा नियुक्त प्रशासक आर सुब्रमण्यकुमार को 17 अक्टूबर को पत्र लिखा है। वधावन ने कहा है कि उनकी इस पेशकश से इन संपत्तियों का अधिकतम मूल्य सुनिश्चित किया जा सकेगा। वधावन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने उनके परिवार के रीयल एस्टेट पोर्टफोलियो की विभिन्न परियोजनाओं के अधिकार और हिस्सेदारी को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव किया है जिससे डीएचएफएल का समाधान उचित तरीके से हो सकेगा और संपत्तियों का भी अधिकतम मूल्य प्राप्त किया जा सकेगा। इन परियोजनाओं के मूल्यांकन में जुहू गल्ली परियोजना और इरला परियोजनाएं शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि इन परियोजनाओं का मूल्यांकन 43,879 करोड़ रुपये बैठता है। वह भी बाजार मूल्य से 15 प्रतिशत कम के हिसाब से है। पत्र में वधावन ने कहा है कि सितंबर, 2018 के आईएलएंडएफएस संकट के बाद से न केवल डीएचएफएल बल्कि सभी प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को संकट का सामना करना पड़ा। कंपनी ने इस दौरान कई कदम उठाए और कई संपत्तियों मसलन आधार हाउसिंग फाइनेंस लि., एवांसे फाइनेंशियल, डीएचएफएल प्रामेरिका एसेट मैनेजर्स तथा डीएचएफएल प्रामेरिका ट्रस्टी लि. के मौद्रिकरण के जरिये करीब 44,000 करोड़ रुपये की देनदारियों का भुगतान किया। रिजर्व बैंक ने सात जून, 2019 को दबाव वाली संपत्तियों के समाधान की रूपरेखा के तहत सर्कुलर जारी किया जिसके बाद डीएचएफएल के ऋण और वित्तीय दबाव के समाधान की प्रक्रिया शुरू हो गई। बैंकों और कुछ ऋणदाताओं के बीच पांच जुलाई, 2019 को अंतर ऋणदाता करार (आईसीए) किया गया। आईसीए पर हस्ताक्षर करने वाले ऋणदाताओं को कंपनी को 39,000 करोड़ रुपये वसूलने थे। वधावन ने मुंबई की तलोजा जेल से भेजे नौ पृष्ठ के पत्र में कहा है कि आज भी डीएचएफएल का संग्रहण करीब 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये है और वह ऋणदाताओं का भुगतान करने में सक्षम है।

## एयर इंडिया की बोली की तारीख 15 दिसंबर तक बढ़ सकती है, सरकार देगी मूल्यांकन नियमों में राहत




**नयी दिल्ली (एजेंसी)**

सरकार संभावित बोलीदाताओं को आकर्षित करने के लिए एयर इंडिया के परिसंपत्ति मूल्यांकन नियमों को आसान बनाते हुए बोलीदाताओं को उद्यम मूल्य के आधार पर पेशकश करने की इजाजात देगी। एक सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस क्रम में सरकार घाटे में चल रही इस सार्वजनिक विमानन कंपनी के लिए आरंभिक अभिरुचि पत्र दाखिल करने की तारीख को 15 दिसंबर तक बढ़ा सकती है। सूत्र ने कहा कि उद्यम मूल्य के आधार पर बोली आमंत्रित की जाएगी, जो अधिग्रहण सौदों के लिए एक लोकप्रिय मूल्यांकन पद्धति है। उद्यम मूल्य (ईवी) कंपनी की कुल कीमत का मूल्यांकन करने का तरीका है, जिसका इस्तेमाल अक्सर इक्विटी बाजार पूंजीकरण के अधिक व्यापक विकल्प के रूप में किया जाता है। ईवी की गणना में कंपनी का बाजार पूंजीकरण शामिल होता है, लेकिन साथ ही इसमें छोटी या लंबी अवधि के किसी ऋण के साथ ही कंपनी के बहीखातों में नकदी को भी शामिल किया जाता है। सूत्रों ने कहा कि सरकार प्रारंभिक सूचना ज्ञापन (पीआईएम) से बोलीदाता द्वारा एक निश्चत ऋण राशि का दायित्व लेन करने की शर्त को हटा देगी। सूत्र ने कहा कि बोली लगाने वालों को पूरी कंपनी के लिए पेशकश करने के लिए कहा जाएगा, जिसकी 85 फीसदी राशि कर्ज चुकाने में चली जाएगी और शेष राशि सरकार को मिलेगी।

# जल्द ही प्राइवेट कर्मचारियों के लिए सरकार कर सकती है नई स्कीम का ऐलान

**(एजेंसी):**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री अनुराग सिंह ठाकुर कोरोना वायरस से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने के प्रयास में जुटे हैं। उन्होंने कहा है कि अर्थव्यवस्था की हालत दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार आगे भी जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार है। साथ ही, इस बात के भी संकेत दिए हैं कि बहुत जल्द ही प्राइवेट सेक्टर कर्मचारियों के लिए भी **LTC (Leave Travel Allowances)** लाभ पर तस्वीर साफ की जाएगी। हाल ही में ऐलान किए गए प्रोत्साहन **(Stimulus)** को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा वंचित एवं गरीब वर्ग को जरूरी मदद पहुंचाने की है। इस पैकेज का ऐलान भले ही सरकारी कर्मचारियों के लिए किया गया लेकिन ये खर्च कुछ ऐसी वस्तुओं पर होने वाले हैं, जिसका सीधा लाभ छोटे व्यापारी को मिल सकेगा। प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों को ख्र्र लाभ दिए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि बहुत जल्द उन कर्मचारियों के लिए बारे में स्पष्टीकरण जारी किया जाएगा, जिन्होंने नए टैक्स सिस्टम को अपना लिया है या जिन्होंने पहले ही **LTA** का लाभ ले लिया है। आने वाले सप्ताह में इस बारे में स्पष्टीकरण जारी हो सकता है। एक इंटरव्यू में अनुराग ठाकुर ने दोनों प्रोत्साहन पैकेज और अर्थव्यवस्था पर इसके असर को लेकर कहा कि हमें बड़ी तस्वीर देखने की जरूरत है। आलोचना तो स्वाभाविक रूप से होगी। भारत ही इकलौता ऐसा देश है जहां 8 महीनों के लिए 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया गया। इसके अलावा, गरीब वर्ग के बैंक अकाउंट में 68,000 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। इसके अलावा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं।



## भारत का फाइबर ब्रॉडबैंड बाजार अभी काफी सीमित : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)**

देश का फाइबर ब्रॉडबैंड बाजार अभी 30 लाख ग्राहकों तक ही सीमित है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस दिशा में नए सिरे से प्रयासों से ऑपरेटरों शीर्ष खपत वाले उपभोक्ता वर्ग में 'इस क्षेत्र के लिए भी हिस्सेदारी हासिल सकते हैं। सीएलएसए की इस क्षेत्र पर ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि देश का वायरलाइन ब्रॉडबैंड बाजार तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज की तारीख तक एक साल के दौरान वायरलाइन ब्रॉडबैंड के नए कनेक्शनों की संख्या में 10 लाख का इजाफा हुआ है और यह दो करोड़ के आंकड़े को पार कर गया है। 10 लाख कनेक्शनों की यह बढ़ोतरी वित्त वर्ष 2016-17 से 2019-20 के दौरान हुई कुल वृद्धि से अधिक रही है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार कोविड-19 महामारी और लॉकडाउन के बीच देश के ब्रॉडबैंड वायरलाइन बाजार ने चालू साल में अब तक 10 लाख नए कनेक्शन जोड़े हैं। इस तरह कुल कनेक्शनों की संख्या 2.01 करोड़ पर पहुंच गई है।'' रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न ऑपरेटरों ने रिलायंस जियो ने सबसे अधिक नए ग्राहक जोड़े हैं और उसके कनेक्शनों की संख्या 12 लाख हो गई है। 25 लाख ग्राहकों के साथ भारती एयरटेल निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी है।

सीएलएसए ने कहा, ''भारतीय फाइबर ब्रॉडबैंड बाजार 30 लाख ग्राहकों के साथ अभी काफी सीमित है। ऑपरेटर नए सिरे से प्रयासों के जरिये खपत के मामले में शीर्ष उपभोक्ताओं में 'वॉलेट शेयर' यानी इस क्षेत्र के लिए भी कुछ हिस्सा हासिल कर सकते हैं।

वॉलेट शेयर से तात्पर्य किसी उपभोक्ता के खर्च का एक हिस्सा किसी उत्पाद या सेवा पर खर्च करने से है। कुल 79 लाख वायरलाइन ब्रॉडबैंड कनेक्शनों के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की भारत संचार निगम लि. (बीएसएनएल) इस क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी बनी हुई है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## मुम्बई सिटी ने एडम ली को अपने साथ जोड़ा



**मुम्बई ।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब मुम्बई सिटी एफसी ने ए-लीग की टीम सिडनी एफसी के लिए खेलने वाले स्ट्राइकर एडम ली फोंड्रे को अपने साथ जोड़ने की सोमवार को घोषणा की। 33 वर्षीय एडम आईएसएल के सातवें सीजन से पहले मुम्बई सिटी एफसी से जुड़े हैं। एडम ने एक बयान में कहा, मेरी फुटबॉल यात्रा में यह एक नया रोमांच है। आईएसएल इस समय दुनिया में सबसे तेजी से विकसित होने वाली लीगों में से एक है। मुम्बई सिटी न केवल भारत में, बल्कि एशिया में एक अग्रणी क्लब बनने की महत्वाकांक्षा रखता है। एडम 2018 में ए लीग टीम सिडनी एफसी से जुड़े थे और उन्होंने दो बार टीम को चैम्पियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने आस्ट्रेलिया की ए-लीग में 67 मैचों में 45 गोल किए हैं। उनके नाम इंग्लैंड के घरेलू फुटबाल के 14 सीजन में 532 मैचों में 183 गोल दर्ज है। इनमें 44 असिस्ट भी शामिल है। मुम्बई सिटी के कोच सर्जियो लोबेरा ने कहा, एडम ऐसे खिलाड़ी हैं, जिसे हर कोच अपनी टीम में शामिल करना चाहेगा। हमारा मानना है कि वह इस सीजन में हमारे लिए एक अच्छा प्रभाव छोड़ सकते हैं।

आईपीएल-13

# आत्मविश्वास से लबरेज पंजाब के सामने होगी मजबूत दिल्ली



**दुबई ।**

किंग्स इलेवन पंजाब ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 13वें सीजन में ऐतिहासिक मुकाबला खेला, जिसमें उसने मुंबई इंडियंस को दो सुपर ओवर खेलने के बाद हराया। अब पंजाब का सामाना लीग की इस सीजन की एक और मजबूत टीम-दिल्ली कैपिटल्स से होगा। दोनों टीमें मंगलवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच हुए मैच का फैसला भी सुपर ओवर में निकला था, जहां दिल्ली ने पंजाब को परास्त किया था। दिल्ली के लिए तो यह सीजन अच्छा रहा है, लेकिन पंजाब के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता। हालांकि पंजाब ने अपने पिछले दोनों मैचों में जीत हासिल की है और इसलिए उसका आत्मविश्वास ऊंचा होगा। लेकिन इन दोनों जीतों में ध्यान देनें वाली बात यह है कि, ये जीत उसे उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण मिली हैं। बेंगलोर के खिलाफ कप्तान लोकेश राहुल और क्रिस गेल ने शानदार पारियां खेलीं थी और फिर मुंबई के खिलाफ भी राहुल का बल्ला चला था। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी इन-फॉर्म बल्लेबाज हैं। बस इन तीनों पर आकर पंजाब की बल्लेबाजी की कहानी खत्म हो जाती है। टीम प्रबंधन को इस ओर ध्यान देना होगा। ग्लैन मैक्सेवल के लगातार विफल होने के बाद भी उन्हें मौका दिया जा रहा है जबकि कुछ अच्छे खिलाड़ी बाहर बैठे हैं, जो मैक्सवेल की कमी को पूरा कर सकते हैं। गेंदबाजी में मोहम्मद शमी और रवि बिश्नोई ने अच्छा किया है और युवा अर्शदीप सिंह ने भी यहां अच्छा प्र्दशन दिया है। पंजाब के लिए खिलाड़ियों ने निजी तौर पर अच्छा तो किया है, लेकिन एक संयुक्त और संतुलित टीम के तौर पर पंजाब से देखने को कुछ खास नहीं मिला है और यही कारण है कि टीम कई बार जीत के करीब आकर भी हार का सामना करने को मजबूर हुई है। टीम के बाकी खिलाड़ियों को राहुल, मयंक, गेल, शमी, बिश्नोई का साथ देनें की जरूरत है। वहीं, दिल्ली के लिए यह सीजन अभी तक शानदार रहा है, लेकिन टीम के कोच रिकी पोंटिंग का कहना है कि उनकी टीम ने अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेली है। इसका एक ही मतलब है कि टीम और बेहतर करना चाहती है, जिसकी ललक उसमें दिखती भी है। ऋषभ पंत के चोटिल होने से उसे झटका लगा था, लेकिन सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने लगातार तीन शानदार पारियां खेल पंत की कमी को पूरा किया। पिछले मैच में धवन ने अपने आईपीएल करियर का पहला शतक जमाया और चेन्नई के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। पृथ्वी शॉ, कप्तान श्रेयस अय्यर भी फॉर्म में हैं। कुछ मैचों से शॉ जल्दी आउट हो रहे हैं और इस मैच में वह एक अच्छी पारी खेलने की कोशिश में होंगे। पंत की जगह टीम में आए अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे अभी तक नहीं चले हैं। उनकी फॉर्म टीम के लिए एक चिंता का कारण हो सकता है। अंत में मार्कस स्टोयनिस, एलेक्स कैरी और शिमरन हेटमायेर टीम को बड़े शॉट्स से अच्छे रन बनाकर दे सकते हैं। गेंदबाजी में कैगिसो रबादा और एनरिक नॉर्खिया की जोड़ी बेहतरीन रही है। तुषार देशपांडे के रूप में इन दोनों को अच्छा साथी मिला है। जहां तक स्पिन की बात है, तो रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की जोड़ी लीग की बेहतरीन जोड़ियों में से एक है।

# कोहली को पछाड़कर आईपीएल में सबसे तेज 5 हजारी बने वार्नर



**अबू धाबी।**

आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पछाड़कर आईपीएल में सबसे तेज 5000 रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान वार्नर ने रविवार को यहां शेख जायेद स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। वार्नर आईपीएल के इतिहास में 5000 रन बनाने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। उन्होंने 135 आईपीएल मैचों में यह रिकॉर्ड अपने नाम किया जबकि कोहली ने आईपीएल में 5000 रन तक पहुंचने के लिए 157 पारियों का सहारा लिया था। आईपीएल में 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज सुरेश रैना तीसरे और मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा चौथे नंबर पर हैं। वार्नर ने आईपीएल में अब तक 135 मैचों में 5037 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम चार शतक और 46 अर्धशतक दर्ज हैं। वार्नर की टीम सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल-13 में नौ मैचों में अब तक तीन जीते हैं। टीम को अपना अगला मुकाबला गुरुवार को राजस्थान रॉयल्स के साथ खेलना है।

## गेल ने बताया, सुपर ओवर से पहले गुस्सा और निराश थे

**दुबई।** किंग्स इलेवन पंजाब को मुंबई इंडियंस के खिलाफ सुपर ओवर में जीत दिलाने वाले बल्लेबाज क्रिस गेल ने कहा है कि सुपर ओवर से पहले वो घबराए हुए नहीं थे लेकिन गुस्सा और निराश थे। पंजाब और मुंबई के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया मैच सुपर ओवर में भी टाई रहा था और दूसरा सुपर ओवर खेला गया था जहां गेल ने टीम को जीत दिलाई थी। मैच के बाद गेल ने अपनी टीम के मयंक अग्रवाल से कहा, नहीं मैं घबराया हुआ नहीं था। मैं गुस्सा और निराश था कि हम अपने आप को इस स्थिति में लाए। दोनों टीमों ने 20-20 ओवरों में समान 176 का स्कोर किया था और फिर मैच सुपर ओवर में गया था। पहले सुपर ओवर में भी दोनों टीमें पांच-पांच रन बना सकी थी और मैच टाई रहा था इसके बाद मैच का फैसला दूसरे सुपर ओवर में निकला था। मोहम्मद शमी ने पहले सुपर ओवर में मुंबई के दो बेहतरीन बल्लेबाजों रोहित शर्मा और क्विंटन डी कॉक को छह रन नहीं बनाने दिए थे। गेल ने कहा, शमी मैन ऑफ द मैच हैं। रोहित और डी कॉक के सामने छह रनों का बचाव करना यह शानदार है। मैंने आपको नेट्स में खेला है और जानता हूं कि आप यॉर्कर को अच्छे से डाल सकते हो। आज भी वो आए और हमारे लिए अपना काम किया। अपने प्रदर्शन पर शमी ने कहा, यह काफी मुश्किल था। सुपर ओवर में जब आपको 15-17 रन बचाने होते हैं तो यह अलग चीज होती है। आपको पता होता है कि आप यह कर सकते हो। लेकिन जब गलती की संभवनाएं न के बराबर होती हैं तो आप उस बात पर फोकस करते हो जो आप अच्छा कर सकते हो। मुझे अपने आप में बहुत विश्वास है। मैं जब भी अपने गेंदबाजी मार्क पर वापस जाता हूं तो मैं अपने आप से कहता हूं कि पिछली गेंद शानदार थी।







## ओकुहारा और एंटनसन ने जीते डेनमार्क ओपन खिताब

**ओडेंसे :** दूसरी वरीयता प्राप्त जापान की नोजोमी ओकुहारा और तीसरी सीड डेनमार्क के एंडर्स एंटनसन ने रविवार को डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के एकल खिताब जीत लिए। ओकुहारा ने तीसरी सीड स्पेन की कैरोलिना मारिन को लगातार गेमों में 21-19, 21-17 से हराकर महिला एकल खिताब जीता।

### संक्षिप्त समाचार



## दिल्ली ने अमित मिश्रा के स्थान पर प्रवीण दुबे के साथ किया करार

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स ने चोट के कारण आईपीएल-13 से बाहर हुए लेग स्पिनर अमित मिश्रा के स्थान पर प्रवीण दुबे के साथ करार किया है। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। कर्नाटक के रहने वाले दुबे ने अपने राज्य के लिए 14 घरेलू टी-20 मैच खेले हैं और 6.87 के औसत से 16 विकेट लिए हैं। अमित तीन अक्टूबर को शारजाह में कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच में अपनी उंगली चोटिल कर बैठे थे। इसके कारण वह आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उनकी सर्जरी हुई है और इस समय वे रिकवरी कर रहे हैं। आईपीएल में तीन हैट्रिक लेने वाले अमित ने इस सीजन सिर्फ तीन मैच खेले थे और तीन विकेट अपने नाम किए। अमित ने आईएएनएस से कहा था, मुझे नहीं पता था कि यह चोट इतनी गंभीर हो जाएगी। मुझे लगा था कि यह एक या दो मैच के लिए होगी। मैं खेलते हुए, गेंद को कैच करते हुए चोटिल हुआ, अपना 100 फीसदी देते हुए, यह संतोषजनक है। यह फिटनेस से संबंधित चोट नहीं है इसलिए मैं ठीक हूं।

## स्पेनिश लीग : रियल सोसीदाद पहुंची शीर्ष पर



**मेड्रिड।** बेतिस फुटबाल क्लब को 3-0 से मात दे कर रियल सोसीदाद ने स्पेनिश लीग में अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, मिकेल ओयारजाबाल के क्रॉस पर पोर्टू ने गोल कर सोसीदाद के लिए पहला गोल किया। यह गोल हाफ टाइम से दो मिनट पहले किया गया। मिकेल ने 74वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। यह गोल पेनाल्टी पर किया गया। 14 मिनट बाद एडन जानुजाज ने टीम के लिए तीसरा गोल किया। वहीं विलारियल ने वालेंसिया को 2-1 से हरा दूसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया। वालेंसिया ने मिडफील्डर डानी पारेजो को बेच दिया था और वह विलारियल में पहुंचे थे। उन्हीं पारेजो ने विलारियल के लिए विजयी गोल किया। छठे मिनट में पाको एल्सासेर ने पेनाल्टी पर गोल कर विलारियल को आगे कर दिया। गोनसालो गुइडेस ने 37वें मिनट में वालेंसिया को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद पारेजो ने विलारियल के लिए गोल किया। रियाल मेड्रिड अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि बार्सिलोना नौवें स्थान पर है।

# आईएनआरसी में लौटा योकोहामा, चेतन शिवरपाम 2020 सीजन में टीम की अगुवाई करेंगे




**नई दिल्ली।**

चैम्पियन याच क्लब एफएमएससीआई इंडियन नेशनल रैली चैम्पियनशिप 2020 में जापानी चुनौती देखने को मिलेगी क्योंकि टायर बनाने वाली जापान की प्रमुख कम्पनी योकोहामा ने देश के इस सबसे प्रतिष्ठित मोटरस्पोर्ट इवेंट में वापसी का ऐलान कर दिया है। भारतीय बाजार में बीते एक दशक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के बाद योकोहामा ने खुद को एक बार फिर आईएनआरसी से जोड़ लिया है। ऐसे में जबकि कोरोनावायरस महामारी के कारण भारत का पूरा खेल समुदाय लगभग ठप्प पड़ा है, यह खबर सबके कानों को सुकून देने वाली है। इस साल योकोहामा न सिर्फ पार्टनर के तौर पर बल्कि एक प्रतिस्पर्धी टीम के तौर पर आईएनआरसी में हिस्सा लेगा। इस साल योकोहामा टीम योकोहामा के नाम से अपनी चुनौती पेश करेगी। सीजन में योकोहामा की मौजूदगी काफी मजबूत होगी क्योंकि इस साल वह मौजूदा चैम्पियन चेतन शिवराम के अलावा डेन थिमैया, लोकेश गौड़, वैभव मराठे और अर्जुन राव जैसे प्रतिभाशाली के साथ अपनी चुनौती पेश करेगी। डेन थिमैया आईएनआरसी 1 कटेगरी में हिस्सा लेंगे और वह आर2 केडिया की सवारी करेंगे जबकि लोकेश गौड़ और चेतन शिवराम क्रमश- केडिया और पोलो की सवारी करते हुए आईएनआरसी 2 कटेगरी में अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। इसी तरह अर्जुन राव आईएनआरसी 3 कटेगरी में हिस्सा लेंगे और वह पोलो पर सवार होंगे। जहां तक वैभव मराठे की बात है तो वह आईएनआरसी 4 कटेगरी में हिस्सा लेते हुए सिटी-वीटेक की सवारी करेंगे। योकोहामा टीम फ्लैगशिप एडवान रैली टायर्स का उपयोग करेगी। ग्रावेल सेक्शन के लिए यह टीम 185/65आर 15ए035 तथा 185/60आर15 ए035 तथा टारमाक सेक्शन के लिए 185/60आर13 ए021 तथा 190/580अर15 ए006टी टायरों का इस्तेमाल करेगी। आईएनआसरी के प्रोमोटर और चैंपियंस यॉच क्लब के निदेशक वैम्सी मेर्ला इस नई खबर से प्रसन्न हैं और उन्हें लगता है कि यह वास्तव में चैंपियनशिप की बढ़ती प्रतिष्ठा के पीछे की सच्चाई को रेखांकित करता है।




## शमी सुपर ओवर में सभी 6 गेंदें यॉर्कर फेंकना चाहते थे : राहुल

**दुबई ।** किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान लोकेश राहुल ने कहा है कि उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ रविवार रात को खेले गए मैच में सुपर ओवर में मोहम्मद शमी और उनके प्लान पर भरोसा किया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में शमी ने मुंबई को सुपर ओवर में छह रन नहीं बनाने दिए और पांच रन देकर सुपर ओवर भी टाई करा दिया जिसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर में निकला। मैच के बाद राहुल ने कहा, आप कभी भी सुपर ओवर के लिए तैयारी नहीं कर सकते। मुझे लगता है कि कोई भी टीम नहीं कर सकती। मैंने यह सीखा है कि आपको अपने गेंदबाज की भावनाओं पर विश्वास करना होता है। उन्होंने कहा, मैं एक बल्लेबाज की तरह सोचता हूं, इसलिए यह जरूरी है कि मैं उन्हें वो करने दूं जो वह चाह रहे हैं। शमी स्पष्ट थे कि उन्हें छह की छह गेंदें यॉर्कर फेंकनी हैं। वह शानदार गेंदबाज हैं और हर मैच के साथ बेहतर होते जा रहे हैं। यह जरूरी है कि सीनियर खिलाड़ी सामने आएं और जिम्मेदारी लें और यही हो रहा है। यह पंजाब की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले वो छह मैच हार चुकी है। राहुल ने कहा, आप जब शुरुआती सात मैचों में से छह मैच नहीं जीतते हो तो इसके बाद हर जीत अच्छी होती है और यह टीम के माहौल को अच्छा करती है।

## प्रीमियर लीग : वेस्ट हैम ने हॉटस्पर को ड्रॉ पर रोका

**लंदन।** अंतिम 10 मिनटों में किए गए लगातार तीन गोलों की मदद से वेस्ट हैम युनाइटेड ने यहां खेले गए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) के मुकाबले में मेजबान टॉटेहम हॉटस्पर को 3-3 से ड्रॉ पर रोक दिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, टॉटेनहम हॉटस्पर की टीम ने पहले हाफ में तीन गोल करके 3-0 की शानदार बढ़त बना ली। टीम के लिए ये गोल हैरी कैन ने पहले, दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी सोन हे यूंग मिन ने आठवें और रेगुइलन ने 16वें मिनट में किए। लेकिन हाफ टाइम के बाद फेबियान बेलब्यूएना ने 82वें मिनट में गोल करके टीम का खाता खोल दिया। इसके बाद दूसरे गोल में टॉटेनहम के डेविसन सांचेज का योगदान रहा, जिन्होंने आत्मघाती गोल करके वेस्ट हैम के लिए दूसरा गोल करने का काम किया। वेस्ट हैम की टीम ने इसके बाद इंजुरी टाइम में लाजिनी के गोल की मदद से स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। लाजिनी का मई 2019 के बाद से यह पहला गोल है। इस ड्रॉ के बाद हॉटस्पर की टीम अंक छठे स्थान पर कायम है जबकि वेस्ट हैम दो स्थानों की छलांग लगाकर आठवें नंबर पर पहुंच गई हैं।

# स्कॉटलैंड में रेंजर्स एफसी के साथ मैदान पर लौटीं बाला देवी

**कोलकाता।** भारतीय महिला फुटबाल टीम की खिलाड़ी बाला देवी जिनका कि स्कॉटलैंड के फुटबाल क्लब रेंजर्स के साथ करार हैं, ने विश्वव्यापी लॉकडाउन के दौरान ग्लास्गो में ही रहने का फैसला किया था। 30 साल की बाला देवी हालांकि अब रविवार से शुरू हुई स्कॉटिश महिला प्रीमियर लीग में रेंजर्स एफसी के साथ वापस मैदान पर लौट आई हैं। रेंजर्स की टीम रविवार को हाट्र्स वुमैन के खिलाफ मुकाबले से लीग में अपने अभियान की शुरुआत की और बाला देवी मैच के दूसरे हाफ में बतौर सब्सिट्यूट के रूप में रेंजर्स एफसी के लिए मैदान पर उतरी। रेंजर्स ने इस मैच में हाट्र्स वुमैन को 5-1 से हरा दिया। बाला ने एआईएफएफ की वेबसाइट से कहा, दोबारा से फुटबाल मैदान पर लौटना काफी अच्छा था। कई महीनों से मैदान से दूर रहना अच्छा अहसास नहीं था। लेकिन उस दौरान हमने जो भी कड़ी मेहनत की थी अब जीत में उसका परिणाम सामने आने लगा है। लेकिन यह अभी केवल शुरुआत है और अभी आगे लंबा सीजन है। बाला ने हाट्र्स वुमैन के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले लगभग दो महीने तक कड़ी ट्रेनिंग की थी। उन्होंने कहा, पहले महीने मैं काफी अकेली महसूस कर रही थी क्योंकि अन्य सभी खिलाड़ी अपने अपने घर चले गए थे क्योंकि उनके घर आसपास ही थे। यहां सिर्फ कुछ और लोग थे और मैं वास्तव में यहीं थीं। बाला ने आगे कहा, लेकिन मैं हर किसी के संपर्क में रहती थी और इससे मुझे मदद मिलती थी। कोच भी मेरा बहुत ख्याल रखते थे। लॉकडाउन खत्म होने के बाद वे मुझे शॉपिंग के लिए भी ले गए। ये बहुत बड़ी छोटी चीजें हैं, लेकिन वे मदद करते हैं। बाला ने जनवरी में रेंजर्स फुटबाल क्लब के साथ करार किया था। उनका यह करार 18 महीनों का हो जो नवंबर में रैंजर्स के साथ ट्रायल्स के बाद लिया गया था। वह रैंजर्स की पहली एशियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। बाला भारत की पहली महिला फुटबाल खिलाड़ी हैं जिन्हें किसी विदेशी फुटबाल क्लब ने अपने साथ जोड़ा है।



## जिम्बाब्वे सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम में नहीं चुने गए मलिक



**लाहौर।** पाकिस्तान के अनुभवी आलराउंडर शोएब मलिक को 30 अक्टूबर से जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं चुना गया है। पाकिस्तान ने पिछले 12 महीने से घर में कोई भी वनडे सीरीज नहीं खेली है और अब उसे जिम्बाब्वे के साथ घर में तीन मैचों की वनडे सीरीज और फिर इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज के कार्यक्रम के अनुसार, जिम्बाब्वे को रावलपिंडी में 30 अक्टूबर, एक नंबर और तीन नवंबर को वनडे मैच खेलने हैं। वनडे सीरीज विश्व कप सुपर लीग का हिस्सा है। विश्व कप सुपर लीग की टॉप सात टीमें 2023 में होने वाले विश्व कप में भाग लेंगी। जिम्बाब्वे को इसके बाद लाहौर में सात, आठ और 10 नवंबर को टी 20 मैच खेलने है। पिछले पांच वर्षो में जिम्बाब्वे का यह दूसरा पाकिस्तान दौरा होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एक बयान में कहा कि अब्दुल्ला शफीक और रोहैल नजीर जैसे युवा खिलाड़ियों को मौका देने के लिए मलिक को पाकिस्तान टीम में नहीं चुना गया है। इस सीरीज के लिए विकेटकीपर मोहम्माद रिजवान को बैकअप के लिए रखा गया है। मलिक के अलावा इंग्लैंड दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का हिस्सा रहे सरफराज अहमद ने भी इस सीरीज में नहीं खेलने का फैसला किया है ताकि युवा खिलाड़ियों को मौका मिल सके। पाकिस्तान के मुख्य कोच और चयनकर्ता प्रमुख मिस्बाह उल हक ने कहा, मलिक और सरफराज को इस सीरीज के लिए नहीं चुना गया है, लेकिन मैं यह साफ करना चाहता हूं कि अभी उनका करियर खत्म नहीं हुआ है। एक रणनीति के तहत यह फैसला लिया गया है ताकि अब्दुल्ला शफीक, हैदर अली और खुशदिल शाह जैसे खिलाड़ियों को मौका मिल सके।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1







हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर समझ नहीं आ रहा कि कौन-सा करवाएं। घर पर कोई बताने वाला भी नहीं है। हम है न! हम बताते हैं कि इस साल कौन-सा हेयरकट हिट रहेगा?

# हेयरकट हिट जलवा फिट

**मम्मा** की पसंद का हेयरकट बहुत करवा लिया। कैटरीना, करीना और प्रियंका चोपड़ा जैसा हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर मम्मा है कि समझती नहीं हैं। उन्हें लगता है कि तुम पढ़ाई में कम और फैशन में ज्यादा ध्यान देने लगी हो। अब ये बात उन्हें कौन समझाए कि हेयरकट करवाने से तुम कितनी स्मार्ट दिखोगी। सब तारीफ करेंगे तुम्हारी और ये सब मम्मा को अच्छा लगेगा ही। जल्दी से मम्मा को मनाओ कि तुम अपना हेयरकट करवाना चाहती हो, ताकि सब उनसे तुम्हारी तारीफ कर सकें। लेकिन, 2010 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ही हेयरकट करवाना।

**एक्स्ट्रा शॉर्ट ब्लॉन्ड:** तुम्हारे बाल पतले और हल्के हैं, तो तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा, क्योंकि घने बालों पर ही थोड़े लंबे हेयरकट अच्छे लगते हैं, लेकिन इस तरह का हेयरकट हार्ट शेप या ओवल शेप वाले चेहरे पर ही अच्छा लगता है। ये हेयरकट आसानी से कैरी हो जाते हैं। इन्हें आप रोज शैंपू कर सकते हैं। अब मौसम बदल रहा है। एकाध महीने में गर्मियां भी आ जाएंगी। उसके बाद तो मन करेगा कि रोज बाल धोएं। तुम्हारे बालों की क्वालिटी कुछ ऐसी ही है, तो फटाफट अपना हेयरकट करवा डालो।

**बॉब कट :** प्रियंका चोपड़ा तो तुम्हें जरूर पसंद होगी। उसका फिगर और हेयरकट है ही बड़ा कमाल का। प्रियंका ने प्यार इंपॉसिबल के लिए जो हेयरकट करवाया है, वो यही तो है। छोटे-छोटे बाल कानों तक। अगर तुम्हारा फिगर भी कुछ ऐसा ही है, तो यकीनन तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा। कर्ली और वेवी बालों पर भी बॉब कट सूट करता है। इस हेयरकट की सबसे अच्छी बात यह है कि सब तरह के फेसकट पर सूट करता है।

**बैंग्स:** बैंग्स सुनने में बड़ा अटपटा लगता है, पर है वही पुराना साधना कट जैसा। कुछ-कुछ वैसा ही दिखता है। आगे की तरफ गिरे हुए बाल। कैटरीना कैफ आजकल बैंग्स हेयरकट में दिखती है। पता है, इस हेयरकट में तुम बार्बी डॉल जैसी दिखोगी। लेकिन किसी ऐरू-गेरू पॉर्लर से ये हेयरकट मत करवाना। किसी ढंग के पार्लर में जाकर ही हेयरकट करवाना। उन्हें पता रहता है कि बाल कैसे काटने हैं। थोड़ा खर्च होगा पर तुम्हारे दोस्त कम से कम तुम्हारी हंसी नहीं उड़ाएंगे।

**पिक्सी:** शॉर्ट हेयरस्टाइल में पिक्सी सबसे ट्रेंडी हेयरकट है, लेकिन ये पतले चेहरे पर ही अच्छा लगते हैं। इसे मैंटेन करना भी आसान है। पिक्सी में चॉपी और शैगी दो ऑप्शन हैं। पिक्सी हेयरकट पीछे से छोटे और आगे से थोड़े गिरे हुए होते हैं। ये हेयरकट सबसे ज्यादा ट्रेंडी और मॉडर्न लुक देता है। तुम्हारे बाल अगर बढ़ते नहीं हैं, तो आंख मूंदकर ये हेयरकट करवा लो। इसी बहाने थोड़ी स्टाइलिश दिखोगी।

**बन हेयरस्टाइल:** बन बनाने के लिए टाइम चाहिए होता है। दीपिका पादुकोण अक्सर साड़ी में इसी हेयर स्टाइल के साथ दिख चुकी है। बन थोड़े लंबे बालों में ही बन पाता है। बाल कम से कम कंधों तक तो हों, वरना बन बनाने में असुविधा होती है। अगर तुम हेयरकट नहीं करवाना चाहती और फैमिली की शादी में तुम्हें स्टाइलिश भी दिखना है, तो इसी हेयरस्टाइल में वहां जाना।

**सेडू हेयरस्टाइल:** सेडू यानी सिडक्टिव हेयरकट। थोड़े लंबे और चमकदार बालों में ही सेडू हेयरकट बनता है। सेडू हेयरस्टाइल में हर तरह के कर्ली और वेवी बालों पर सूट करते हैं। तुम्हारे बाल लंबे, चमकदार और स्ट्रेट हैं, तो तुम इस हेयरस्टाइल में स्मार्ट दिखोगी। फ्रिंज हेयरकट तुम अपने चौड़े माथे से परेशान हो और कुछ करवाना चाहती हो, ताकि तुम्हारा माथा छिप सके। फिर हम तुम्हें यह हेयरकट रखने की सलाह देंगे, क्योंकि इससे तुम्हारा चौड़ा माथा छुप जाएगा। हॉलीवुड अभिनेत्री कैट मॉस यही हेयरकट रखती हैं।





# घर संभालने की कला

**दोस्तों** घर का हिसाब-किताब करना हो या रिश्तेदारी निभाना, घरेलू मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी तो महिलाओं पर ही रहती है। अक्सर पुरुषों को इन मामलों में फिसड्डी ही समझा जाता है, लेकिन कुछ समय पहले हुए एक शोध के मुताबिक कहानी कुछ और ही है। कैलिफोर्निया में हुए इस शोध का कहना है कि अगर पुरुषों को मौका दिया जाए तो वे एक अच्छे होम मेकर साबित हो सकते हैं। तकरीबन 350 महिलाओं और पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि अगर एक बार उन्हें घर संभालने की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वे उसे काफी अच्छे तरीके से निभाना पंसद करते हैं।

इस रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता जेड विडसन आंकड़ों को आधार बनाकर बताते हैं कि करीब 71 फीसदी पुरुष अपनी तनख्वाह के मुताबिक ही खर्च करते हैं, जबकि 53 प्रतिशत महिलाएं क्षमता से ज्यादा। लगभग 73 प्रतिशत पुरुष अपने आमदनी के हिसाब से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा व अन्य बचत योजनाओं आदि पर निवेश करने पर प्राथमिकता देते हैं, जबकि केवल 4 फीसदी महिलाएं ही निवेश के बारे में गहरी जानकारी रखती हैं। अब आप कहेंगे कि केवल बचत करने से क्या, उन्हें खाना बनाना भी तो आना चाहिए, लेकिन हम आपको बताते चलें कि अमूमन पुरुष 'मुझे तो खाना बनाना आता ही नहीं' कहकर काम से बचकर निकल जाते हैं। लेकिन अगर एक बार पुरुष पाक कला सीख जाएं तो वह उसमें भी एक्सपर्ट हो जाते हैं। यकीन नहीं आया न, जरा आस-पास नजर दौड़ाइए, आपको सबसे बेहतरीन शेफ पुरुष ही मिलेंगे।

हैंडबैग महिलाओं के लुक को न केवल विशेष बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व को उभारता भी है। मौजूदा दौर में हैंडबैग महिलाओं का आवश्यक साथी बन चुका है। हैंडबैग व पर्स का रंग व आकार यदि जूतों, कद काठी व वस्त्रों से मेल खाता हुआ हो तो बात कुछ खास हो जाती है।



# पर्सनैलिटी के अनुसार हो हैंडबैग

**आम** तौर पर सफेद, काल, मैरून, भूरे, सिल्वर व सुनहरी हैंडबैंग लगभग सभी पोषकों से मैच कर जाते हैं। अवसर के मुताबिक औपचारिक समारोह में जाते समय या खरीदारी करते समय और नौकरी पर जाते समय आवश्यकतानुसार चीजें भरकर अलग-अलग हैंडबैंग का प्रयोग करना चाहिए।

- कॉलेज व ऑफिस जाने वाली युवतियों को खुशनुमा आधुनिक डिजाइन के जूट, कपड़े, रेक्सिन या चमड़े के कमर तक लटकने वाले हैंडबैंग काम में लाने चाहिए।
- अध्यापन व प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ी महिलाओं को सिम्पल डिजाइन का एकरंगा हैंडबैग व पर्स लेना चाहिए।
- दुबली, पतली छोटे कद की महिलाओं को चौड़े स्टैप वाले बड़े आकार के चपटे हैंडबैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन पर हल्के-फुल्के स्टेप वाले गोलाकार या पंचकोणनुमा शेप के हैंडबैग खूब फबते हैं।
- नाटी व मोटी महिलाओं को भी बहुत बड़े या छोटे हैंडबैग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें कमर से लटकने वाले हैंडबैंग की बजाय हैण्डिल वाले मध्यम आकार के हैंडबैग काम में लेने चाहिए।
- लम्बे कद की महिलाओं पर थोड़े बड़े लटकने वाले हैंडबैंग फबते हैं। शादी व स्वागत समारोह जैसे मांगलिक अवसरों पर पोशाक से मेल खाते मखमल या शनील के पर्स बहुत अच्छे लगते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

चमचमाते साफ-सुथरे हैंडबैग जहां सुरुचिपूर्ण व्यक्तित्व के परिचायक हैं, वहीं बेडौल शेप के उखड़ी जिप वाले, बेकार सामान से भरे हैंडबैग फूहड़ व्यक्तित्व की चुगली खाते नजर आते हैं।

- इससे बचने हेतु अनावश्यक चीजें हैंडबैग में न रखें। इससे जिप व तनियों, स्ट्रेपसद्ध पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे जल्दी खराब हो जाते हैं। फालतू चीजें भरी रहने से चीजें भी तुरंत मिल नहीं पातीं।
- बरसात के दिनों में चमड़े व हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि पानी की नमी से ये बेडौल हो जाते हैं और इनमें फफूंद लग जाती है। हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।
- अधिक समय तक जब पर्स का प्रयोग न करना हो तो उसमें कागज भर कर रखें, ताकि आकार ठीक बना रहे। इन्हें बच्चों व फालतू जानवरों को खेलने के लिये देना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे इनके खराब होने का डर बना रहता है।



हर महिला को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वो मां बनती है, पर कामकाजी महिलाओं के लिए ये खुशी कुछ हद तक मायने रखती है क्यों कि उन्हे इसके लिए अपना करियर को छोड़ना पड़ सकता है।

**प्रांरभ** में जब महिलाएं गर्वभती होती थी तब उनका एक ही काम था, अपना व अपने बच्चे का ख्याल रखना और उनका करियर का वही खत्म हो जाना, पर अब महिलाओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है जिससे वे अपना व करियर दोनो को संभाल सकती है।

## समझे अपने आपको

कामकाजी महिलाओं को दिन में ऑफिस और रात को घर का काम ये दोनो के मध्य अपना भी ध्यान रखना काफी मुश्किल भरा होता है। आम तौर पर महिलाओं को कुछ ऐसे तकलीफें से गुजरती है जो एक गर्वभती महिला ही समझ सकती है, तो ऐसे मे वे स्वंय अपना ख्याल रखें।

## सही समय पर सही काम

कामकाजी गर्वभती महिलाओं को अपने कामो का शेड्यूल बनना चाहिऐ ताकि उनके सारे काम सही समय पर हो सके। घर व ऑफिस का टाइम दोनो को ऐसा संतुलन को बनाए रखना चाहिएं की जिससे किसी भी काम को देरी न हो।

## न लें टेंशन

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने आपको कूल रखना होता है, इससे डिलिवरी होते समय किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती, इसके साथ आपको योगा, मसाज, वॉक आदि को अपनाते रहना चाहिए ताकि आपका आने वाला बच्चा स्वस्थ हो।



### ऐसा भी करें

- हेल्दी फूड समय-समय पर लेते रहे।
- हमेशा खुश रहने की कोशिश करती रहे।
- समय-समय पर चेकअप कराते रहना चाहिए।
- एक्सपर्ट की सलाह लें।
- आराम दिलाने वाले तरीकों को अपनाएं

# दिख रही आगे निकलने की चाहत?

**परंपरागत** माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।

आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



# सीमा विवाद के बीच एससीओ सम्मेलन में पीएम मोदी की जिनपिंग और इमरान से हो सकती है मुलाकात

**नई दिल्ली:**

चीन और पाकिस्तान से खराब चल रहे रिश्तों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इन दोनों देशों के प्रमुख नेताओं से मुलाकात हो सकती है। जानकारी के मुताबिक, यह मुलाकात, 'शंघाई सहयोग संगठन' (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान हो सकती है। रूस एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी वर्चुअल माध्यम से करने जा रहा है। भारतीय अधिकारियों ने बताया है कि इस सम्मेलन का आयोजन 10 नवंबर को किया जाएगा। वहीं, इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी शामिल हो रहे हैं। माना जा रहा हा कि सम्मेलन में पीएम मोदी की मुलाकात जिनपिंग और इमरान से हो सकती है।

एससीओ शिखर सम्मेलन भारत के लिए सुरक्षा और अन्य राजनीतिक मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ आतंकवाद जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखने एक महत्वपूर्ण मंच है। वहीं, मई महीने से सीमा पर जारी तनाव के बीच इस शिखर सम्मेलन में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग आमने-सामने होंगे।

**भारत-चीन के बीच मध्यस्थता नहीं करेगा रूस**

वहीं, इस सप्ताह भारत और चीन सीमा पर जारी विवाद को हल करने के लिए आठवीं बार सैन्य स्तर की वार्ता कर सकते हैं। हालांकि, पिछले सात दौर की वार्ताओं के बाद भी दोनों देश सीमा विवाद को सुलझाने के लिए किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाए हैं। दूसरी तरफ, रूस ने इस बात खंडन कर दिया है कि वह भारत-चीन के बीच मध्यस्थता कराना चाह रहा है। रूस ने इस बात पर जोर दिया है कि एससीओ फोरम का उपयोग हमेशा सदस्य देशों द्वारा आपसी भरोसे और विश्वास को बनाने के लिए किया जा सकता है।



**आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को घेरेंगे पीएम मोदी**

इस बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी मौजूद रहने वाले हैं। ऐसे में पीएम मोदी एक बार फिर से सीमा पार आतंकवाद फैलाने को लेकर पाकिस्तान को घेर सकते हैं। मोदी आतंकवादियों को सहायता, समर्थन और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए भी इस्लामाबाद पर हमला बोल सकते हैं। गौरतलब है कि भारत को खुद नवंबर के अंत में एससीओ प्रमुखों की बैठक की मेजबानी करनी है। सरकार ने पहले ही कहा है कि वह इस बैठक में इमरान खान को आमंत्रित करेगी। हालांकि, सरकार को अभी यह तय करना है कि बैठक का आयोजन शारीरिक रूप से क्या जाएगा या आभासी माध्यम में।

# शरणार्थी मुस्लिम ने महिला से नहीं मिलाया हाथ,जर्मनी ने नागरिकता देने से कर दिया इंकार

**इंटरनेशनल डेस्क:**



जर्मनी में जातीय भेदभाव का एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक शरणार्थी मुस्लिम व्यक्ति ने महिला अधिकारी से धार्मिक आधार पर हाथ मिलाने से इंकार कर दिया जिसके बाद जर्मनी सरकार ने उसे नागरिकता देने से मना कर दिया है। सरकार ने कहा कि हमारे देश के संविधान में धर्म और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, शरणार्थी मुस्लिम लेबनान का रहने वाला एक डॉक्टर है। जर्मनी में 10 साल बतौर शरणार्थी रहने के बाद उसने 2012 में नागरिकता के लिए आवेदन किया था। इस दौरान उसने जर्मनी की संविधान में आस्था जताने और आतंकवाद की निंदा करने के शपथपत्र पर भी हस्ताक्षर किया था। जब उसने अपने सभी कागजातों को जर्मनी सरकार की महिला अधिकारी को सौंपा तब उसने धार्मिक आधार पर उनसे हाथ मिलाने से साफ इंकार कर दिया था। इसी कारण साल 2015 में जर्मनी की जिला प्रशासन ने उसे नागरिका देने से इंकार कर दिया था। प्रशासन के फैसले के खिलाफ लेबनानी शरणार्थी ने कोर्ट में अपील की थी। जिसकी सुनवाई अब जाकर पूरी हुई है। इस मामले में फैसला सुनाते हुए बाडेन-वुर्टेमबर्ग की प्रशासनिक अदालत ने जिला प्रशासन को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी व्यक्ति धार्मिक या लिंग के आधार पर किसी से हाथ मिलाने से इनकार नहीं कर सकता है। न्यायाधीश ने फैसले में कहा कि हैंडशेक (हाथ मिलाने) का एक कानूनी अर्थ है, इसमें वह एक अनुबंध के निष्कर्ष का प्रतिनिधित्व करता है। यह अनुबंध उसके और जर्मनी की सरकार के बीच हुआ है। हैंडशेक हमारे सामाजिक, सांस्कृतिक और कानूनी जीवन में गहराई से निहित है। उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि अगर आप जर्मनी के संविधान को नहीं मानते हैं या उसके नियमों को तोड़ते हैं तो आपको नागरिकता नहीं दी जा सकती है। लेबनान के इस मुस्लिम शरणार्थी ने जर्मनी में अपनी चिकित्सा शिक्षा प्राप्त की और अब एक क्लिनिक में वरिष्ठ चिकित्सक के रूप में काम करता है। उसे व्यवहार के आधार पर अब जर्मनी ने नागरिकता देने से मना कर दिया है। माना जा रहा है कि जल्द ही जर्मनी की सरकार उसे अपने देश से डिपोर्ट भी कर सकती है। जर्मनी भी अपने देश में बढ़ते धार्मिक कट्टरवाद से पीड़ित रहा है।

# चीन के साथ तनाव के बीच भारत के साथ मालाबार नौसेना युद्धाभ्यास में अब ऑस्ट्रेलिया भी शामिल




**नई दिल्ली:**

भारत ने सोमवार को घोषणा की कि आगामी मालाबार युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल होगा। इसका प्रभावी अर्थ यह हुआ कि 'क्वॉड' या चार सदस्यीय गठबंधन के सभी सदस्य इस महा अभ्यास में शामिल होंगे। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में अगले महीने होने वाले वार्षिक युद्धाभ्यास में अमेरिका और जापान अन्य देश हैं जो शामिल होंगे। भारत द्वारा नौसेना युद्धाभ्यास में शामिल होने के ऑस्ट्रेलियाई अनुरोध को ऐसे समय स्वीकार किया गया जब पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा को लेकर तनाव बढ़ रहा है। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा, ''भारत समुद्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाना चाहता है और ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग की पृष्ठभूमि में मालाबार-2020 नौसेना युद्धाभ्यास में ऑस्ट्रेलियाई नौसेना की भागीदारी देखने को मिलेगी।'' बयान में कहा गया कि युद्धाभ्यास की योजना ''समुद्र में बिना संपर्क' ढांचे के आधार पर तैयार की गई है। मंत्रालय ने कहा, ''इस अभ्यास से इसमें शिरकत करने वाले देशों की नौसेना के बीच समन्वय और मजबूत होगा।'' हालांकि, चीन वार्षिक मालाबार युद्धाभ्यास के उद्देश्यों को लेकर सशंकित रहता है, वह महसूस करता है कि यह युद्धाभ्यास हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उसके प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। मालाबार युद्धाभ्यास की शुरुआत वर्ष 1992 में अमेरिकी और भारतीय नौसेना के बीच हिंद महासागर में द्विपक्षीय अभ्यास के तौर पर हुई थी। जापान वर्ष 2015 में इस युद्धाभ्यास का स्थायी प्रतिभागी बना। ऑस्ट्रेलिया पिछले कई सालों से इस युद्धाभ्यास में शामिल होने को लेकर रुचि दिखा रहा था।

# लाहौर के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक बाजार में लगी आग, सैकड़ों दुकानें जलकर खाक

**लाहौर:**



लाहौर के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में जबरदस्त आग लग गयी जिससे सैकड़ों दुकानें जल कर खाक हो गयी और व्यवसायियों को अरबों रुपये का नुकसान हुआ है। लाहौर के हफीज सेंटर में रविवार को यह आग लगी। हफीज सेंटर एक व्यवसायिक केंद्र है जो प्रसिद्ध लिबर्टी चौक गुलबर्ग में स्थित है और जहां मोबाइल फोन, लैपटॉप एवं कम्प्यूटर की करीब एक हजार दुकानें एवं गोदाम हैं। नौसेना के सहयोग से इस आग पर करीब 20 घंटे के बाद काबू पाया जा सका। आपात दल ने अपने अभियानों में कम से कम 25 लोगों को वहां से बचाया और हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुकानों के मालिकों को रोते विलखते देखा गया जो आग के कारण राख में तब्दील हुयी अपनी दुकानों को निहार रहे थे। कुछ दुकानदार अपने जीवन को खतरे में डाल कर सामानों की सुरक्षा के लिये इमारत में दाखिल हो गये। हफीज सेंटर यूनियन के अध्यक्ष शेख फैयाज ने बताया कि इमारत की दूसरी मंजिल से यह आग ऊपर के मंजिलों की तरफ फैली और ऊपर के तीन मंजिलों को इस आग ने अपनी चपेट में ले लिया जबकि दर्जनों आपात स्थिति विशेष वाहन एवं कई दमकल गाड़ियां मौके पर मौजूद थी । उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी ओर से जानकारी दिये जाने के बाजवूद दमकल गाड़ियां करीब एक घंटा देरी से पहुंची।



# 'ब्रिटिश साहित्य महोत्सव' की संग्रहध्यक्ष ने UAE मंत्री पर लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप

**लंदन।** ब्रिटेन के 'हे साहित्य महोत्सव' की एक क्यूरेटर (संग्रहध्यक्ष) ने आरोप लगाया है कि संयुक्त अरब अमीरात के सहिष्णुता मंत्री ने साथ काम करने के दौरान उसका यौन उत्पीड़न किया। हालांकि, मंत्री के वकील ने आरोपों का खंडन किया है। संडे टाइम्स में प्रकाशित खबर के मुताबिक कैटलीन मैक्नमारा ने आरोप लगाया है कि इस साल फरवरी में अबू धाबी के शासक परिवार के सदस्य शेख नहयान बिन मुबारक अल नहयान ने उन पर हमला किया था। मैक्नमारा, जो यूएई की यात्रा वहां साहित्य महोत्सव आयोजित करने के सिलसिले में रह रही थी, ने दावा किया है कि उन पर शेख ने तब हमला किया जब वह दूररदराज के द्वीप पर बने विला में उनसे मिलने गई थीं। शेख नहयान के ब्रिटिश वकील ने मैक्नमारा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि वह 'इन आरोपों से स्तब्ध और दुखी हैं। अमीरात के संघ यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं करेगा। ब्रिटेन की महानगर पुलिस से संपर्क करने पर पुलिस ने पुष्टि की कि 3 जुलाई को महिला ने दुष्कर्म का आरोप दर्ज कराने के लिए उनसे संपर्क किया था और शुरुआती बयान दर्ज किया गया है। एसोसिएट प्रेस ने बताया कि वह यौन उत्पीड़न की पीड़िता की पहचान जाहिर नहीं करता लेकिन मैक्नमारा ने स्वयं द संडे टाइम्स को पहचान जाहिर करने पर सहमति दी है जिसके बाद अखबार ने उनकी तस्वीर प्रकाशित की है। हे महोत्सव की अध्यक्ष कॉर्लिन माइकल ने कहा कि वह अपनी सहकर्मी का समर्थन करने को प्रतिबद्ध है जो मामले में कानूनी कार्रवाई चाहती हैं। माइकल ने कहा कि जब तक शेख अपने पद पर बने रहेंगे तब तक अबू धाबी में यह महोत्सव आयोजित नहीं किया जाएगा।

# चीन ने भारतीय सीमा के पास दागी मिसाइलें



**बीजिंग:** सीमा विवाद को लेकर चीन और भारत के बीच तनाव खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। दोनों देशों के बीच विवाद को हल करने के लिए चल रही वार्ताओं का दौर भी जारी है लेकिन इस बीच चीनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (PLA) ने भारतीय सीमा के काफी करीब मिसाइलें दागी हैं । लद्दाख में रॉकेट लॉचर से लगातार गोले दागे जाने से पहाड़ कांप उठे। चीन के इस युद्धाभ्यास का मकदस भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाना बताया जा रहा है। युद्धाभ्यास का वीडियो जारी करते हुए चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने दावा किया है कि इस अभ्यास में 90 फीसदी नए हथियारों का इस्तेमाल किया गया है। ग्लोबल टाइम्स ने कहा कि यह अभ्यासPLA के तिब्बत थिएटर कमांड की ओर से किया गया। यह युद्धाभ्यास 4700 मीटर की ऊंचाई पर किया जा रहा है। ग्लोबल टाइम्स द्वारा जारी युद्धाभ्यास के वीडियो में नजर आ रहा है कि चीनी सेना ड्रोन विमानों की मदद से हमला बोलती है। वीडियो में चीनी सेना एक पूरे पहाड़ी इलाके को तबाह करती हुई नजर आ रही है। ग्लोबल टाइम्स ने दावा किया कि इस अभ्यास में शामिल 90 फीसदी हथियार और उपकरण एकदम नए हैं। माना जा रहा है कि चीनी अखबार ने भारत-चीन वार्ता के दौरान दबाव बनाने के लिए यह वीडियो जारी किया है। गौरतलब है कि भारत और चीन के बीच कई दौर की वार्ता के बाद भी अभी तक लद्दाख गतिरोध का कोई हल नहीं निकला है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सीमा पर बड़ी संख्या में चीनी सैनिकों की तैनाती दोनों पूर्व में हुए समझौतों के बिल्कुल विपरीत है। ऐसे में जब दो देशों के सैनिक तनाव वाले इलाकों में मौजूद रहते हैं तो वही होता है जो 15 जून को हुआ। जयशंकर ने कहा कि यह व्यवहार न सिर्फ बातचीत को प्रभावित करता है बल्कि 30 वर्ष के संबंधों को भी खराब करता है।

# मेडागास्कर के एंटानानारिवो में हुआ हिंदू मंदिर के हॉल का उद्घाटन, भारतवंशियों में अधिकांश गुजरात के



**लंदन:** नवरात्र के मौके पर पूर्वी अफ्रीकी देश मेडागास्कर की राजधानी अंटानानारिवो में इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर एक भव्य हिंदू मंदिर के हॉल का उद्घाटन किया गया। इस देश की आबादी 26 लाख है जिसमें आ बसे 20 हजार से ज्यादा भारतवंशियों में अधिकांश गुजरात के हैं। हॉल के उद्घाटन के बाद भव्य हिंदू मंदिर के निर्माण का कार्य भी 3-4 महीने के भीतर पूरा होने की संभावना है। निर्माण पूरा हो जाने के बाद अंटानानारिवो में यह पहला हिंदू मंदिर होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जिस नए मंदिर हॉल का उद्घाटन किया गया है वह आपसी मुलाकात में मददगार होने के साथ ही सामुदायिक भावना को मजबूती प्रदान करेगा। जिससे आपसी रिश्तें और मजबूत बनेंगे

# गुरु नानक की 551वीं जयंती पर पाकिस्तान ने भारतीय सिखों को आमंत्रित किया

**इस्लामाबाद.** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव की 551वीं जयंती पर पाकिस्तान ने भारतीय सिखों को आमंत्रित किया है। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी। ननकाना साहिब में 27 नवंबर से तीन दिनों के उत्सव गुरु नानक गुरुपर्व की शुरुआत होगी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गुरु नानक के जन्म स्थल 'गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब' पर उनकी जयंती के अवसर पर प्रति वर्ष भारत एवं दुनिया के विभिन्न स्थानों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा होते हैं। बहरहाल, कोविड-19 महामारी से इस वर्ष यह उत्सव प्रभावित हो सकता है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने खबर दी कि भारतीय श्रद्धालुओं को देश में प्रवेश के लिए पांच दिवसीय वीजा की पेशकश की जाएगी। उन्हें कोविड-19 की अनिवार्य नेगेटिव रिपोर्ट पर ही प्रवेश दिया जाएगा। परित्यक्त वक्फ संपत्ति बोर्ड और पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीसी) ने भी उत्सव में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न सिख सोसायटी को निमंत्रण भेजा है। कोरोना वायरस महामारी को देखते हुए भारत के सिखों को देश में सीमित समय के लिए ही ठहरने की अनुमति दी जाएगी।

# अफगानिस्तान में तालिबान का हमला विफल, 7 आतंकवादी ढेर

**काबुल:** अफगानिस्तान के बगलान प्रांत में सेना की कार्रवाई में सात आतंकवादी ढेर हो गए। सेना ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि रविवार देर रात किलागाई क्षेत्र में मुख्य राजमार्ग पर आतंकवादियों ने राजमार्ग पर कब्जे के लिए बड़े पैमाने पर हमला किया था लेकिन सेना हमले को विफल करते हुए सात आतंकवादियों को ढेर दिया तथा आठ और आतंकवादी घायल हुए हैं। बयान में कहा गया है कि हमले में सुरक्षाबलों को कोई नुकसान नहीं हुआ है और सेना आतंकवादियों का पीछा करना जारी रखेगी। तालिबान समूह ने घटना पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

# चुनावी रैली में बोले ट्रंप- मंगल पर जाएगा अमेरिकी नागरिक, चांद पर उतरेगी महिला

**इंटरनेशनल डेस्क:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका मंगल ग्रह पर अपने नागरिक को ले जाने वाला पहला देश बनेगा और पहली बार चांद पर एक महिला को उतारेगा। ट्रंप ने विस्कॉन्सिन के जेन्सविले में चुनावी रैली में कहा कि अमेरिका पहली बार चांद पर किसी महिला को पहुंचाएगा और मंगल पर अंतरिक्ष यात्री को उतारने वाला पहला राष्ट्र बनेगा। हम इस मिशन के बहुत करीब हैं। इससे पहले स्पेसएक्स के सीईओ एलन मुस्क ने शुक्रवार को कहा कि उनकी कंपनी चार वर्षों में अपना पहला मंगल मिशन शुरू करने की राह पर है। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) के प्रशासक जिम ब्रिडेनस्टाइन ने हाल में एक वर्चुअल बैठक में कहा था कि नासा ने चंद्रमा और मंगल मिशन के मद्देनजर प्रौद्योगिकी विकसित करने के लिए एक दर्जन से अधिक कंपनियों का चयन किया है।



# POK से जब तक पाक आर्मी वापस नहीं बुलाता, तब तक जारी रहेगा प्रतिरोध- सज्जाद राजा

**इस्लामाबाद।** गिलगित-बाल्टिस्तान के नेता और कार्यकर्ता सज्जाद राजा ने गिलगित-बाल्टिस्तान के नेता और कार्यकर्ता सज्जाद राजा ने 22 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर पर किए आक्रमण को याद करते हुए ट्वीट किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिरोध तब तक जारी रहेगा जब तक कि वो अपनी सेना का पीओके से वापस नहीं बुला लेता। सज्जाद राजा ने ट्वीट करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 को जम्मू-कश्मीर पर हमला किया और इसका बंटवारा कर दिया, लेकिन हमारा प्रतिरोध तब तक जारी रहेगा जब तक कि पाकिस्तान अपनी सेना और सभी नागरिकों को हमारे राज्य से वापस बुलाने के लिए मजबूर नहीं हो जाता। 22 अक्टूबर को हमें प्रतिरोध दिवस के रूप में मनाना चाहिए। उनका यह ट्वीट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

**स्पीच करते हुए रो पड़े थे सज्जाद राजा**

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की जिनेवा में चल रही बैठक के दौरान पाकिस्तानी पीओके से आए मुहम्मद सज्जाद राजा संबोधन करते हुए रो पड़े थे। अपनी पीड़ा सुनाते राजा ने कहा था कि कथित आजाद कश्मीर में राजनीतिक व्यवस्था का विरोध करने वालों के गले पर पाकिस्तानी बूट है। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान में होने की सजा भुगत रहे हैं।



# दुनिया भर के तीन अरब गरीब लोगों के पास सबसे अंत में पहुंचेगा कोरोना का टीका

**गम्पेला।**

गम्पेला बुर्किना फासो का एक छोटा स्थान है जहां के चिकित्सा केंद्र में पिछले करीब एक साल से रेफ्रिजेटेर काम नहीं कर रहा है। दुनिया भर में ऐसे कई स्थान हैं जहां यह सुविधा अभी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कोरोना वायरस पर काबू के अभियान में बाधा आ सकती है। पूरी दुनिया को प्रभावित करने वाले कोरोना वायरस के टीके को सुरक्षित रखने के लिए फैक्ट्री से लेकर सिरिंज (सुई) तक लगातार कोल्ड चेन की जरूरत होगी। लेकिन विकासशील देशों में कोल्ड चेन बनाने की दिशा में हुयी प्रगति के बाद भी दुनिया के 7.8 अरब लोगों में से लगभग तीन अरब लोग ऐसे हैं जिन तक कोविड-19 पर काबू पाने के लिए टीकाकरण अभियान की खातिर तापमान-नियंत्रित भंडारण नहीं है। इसका नतीजा यह होगा कि दुनिया भर के निर्धन लोग जो इस घातक वायरस से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, उन तक यह टीका सबसे अंत में पहुंच सकेगा। टीके के लिए कोल्ड चेन गरीबों के खिलाफ एक और असमानता है जो अधिक भीड़ वाली स्थितियों में रहते हैं और काम करते हैं। इससे वायरस को फैलने का मौका मिलता है। ऐसे लोगों तक मेडिकल ऑक्सीजन की भी पहुंच कम होती है जो इस वायरस से संक्रमण के उपचार के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा ऐसे लोग बड़े पैमाने पर परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं, आपूर्ति या तकनीशियनों की कमी का भी सामना करते हैं। कोरोना वायरस टीकों के लिए कोल्ड चेन बनाए रखना धनी देशों के लिए भी आसान नहीं होगा खासकर तब जबकि इसके लिए शून्य से 70 डिग्री सेल्सियस नीचे (माइनस 94 डिग्री एफ) के आसपास के तापमान की आवश्यकता होती है। बुनियादी ढांचे और शीतलन प्रौद्योगिकी के लिए पर्याप्त निवेश नहीं हुआ है जिसकी टीकों के लिए जरूरत होगी।



इस महामारी को आठ महीने हो चुके हैं और विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि दुनिया के बड़े हिस्सों में प्रभावी टीकाकरण कार्यक्रम के लिए पर्याप्त प्रशीतन की कमी है। इसमें मध्य एशिया का अधिकतर हिस्सा, भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और लैटिन अमेरिका का भी एक बड़ा हिस्सा इसमें शामिल है। बुर्किना फासो की राजधानी के पास स्थित इस क्लीनिक का रेफ्रिजेरेटर पिछले साल खराब हो गया था।

यह मेडिकल केंद्र करीब 11 हजार लोगों को सेवा मुहैया कराता है। उपकरणों के खराब हो जाने के कारण इस केंद्र में टेटनस, टीबी सहित अन्य आम बीमारियों के भी टीके नहीं रखे जाते। इसका असर स्थानीय लोगों पर होता है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## सेल्समैन गोली मारकर हत्या, आठ लाख लूटे

आगरा (एजेंसी)। जिले के थाना एत्माद्दौला के नुनिहाई में पुलिस चैकी से चंद कदम दूर शराब ठेके के सेल्समैन की सोमवार दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह ठेकों का कैश लेकर बैंक जा रहा था। तभी बाइक से दो बदमाश आए। उन्होंने कैश लूटने के दौरान सेल्समैन सोनू की गोली मारकर हत्या कर दी। रहा था। सोनू नवलगंज नुनिहाई स्थित पुलिस चैकी के पास पहुंचा ही था कि बाइक सवार बदमाशों ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से सोनू बाइक गिर गया। वारदात के बाद बदमाश रुपए लेकर फरार हो गए। पुलिस बदमाशों की छानबीन में जुटी है। घटना की जानकारी पर एसएसपी, एसपी सिटी सहित फोर्स पहुंच



सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जानकारी के मुताबिक सेल्समैन सुबह कलेक्शन के आठ लाख रुपए बैंक में जमा करने जा गई। पुलिस ने छानबीन की लेकिन बदमाशों का पता नहीं चल सका है। शराब का ठेका विनोद यादव का है, उनके कई ठेके बताए गए हैं।

## बेहतर कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग-सर्विलांस कोविड-19 को नियंत्रित करने की मजबूत कड़ीः योगी

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या में 37 हजार की कमी आने पर संतोष व्यक्त करते हुए कोविड-19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बेहतर कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग, सर्विलांस कार्य एवं जागरूकता कोविड-19 के प्रसार को नियंत्रित करने की एक मजबूत कड़ी है। मुख्यमंत्री सोमवार को यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद लखनऊ में कोविड-19 के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग सभी कोविड अस्पतालों से नियमित संवाद बनाते हुए रिकवरी दर को बेहतर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसजी पीजीआई द्वारा एल-3 कोविड अस्पतालों को तथा केजीएमयू द्वारा एल-2 कोविड चिकित्सालयों को वर्चुअल आईसीयू के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया जाए। उन्होंने इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए।

इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में मूल्य समर्थन योजना के तहत धान खरीद की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि धान क्रय केन्दों का नियमित निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने गो-आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के लिए चारे आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

गो-आश्रय स्थलों में गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाए।

## महिला की गला घोंटकर हत्या, शव जंगल में फेंका

फतेहपुर (एजेंसी)। ससुरालीजनों ने रविवार रात महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपितों ने महिला का शव 12 किमी दूर उसके मायके के पास जंगल में फेंक दिया। सुबह शव मिलने से सनसनी फैल गई। इस मामले में महिला के पिता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक हुसेनगंज थाना क्षेत्र के माना का पुरवा निवासी महेन्द्र पाल लोधी ने बेटी रीता देवी की शादी जयप्रकाश के साथ की थी। बताया जाता है कि दो दिन पहले किसी बात को लेकर पति समेत ससुरालीजनों ने किसी बात को लेकर महिला की पिटाई कर दी।

मारपीट का मामला थाने पहुंचने पर पुलिस ने ससुरालीजनों को बुला कर सुलह समझौता करा दिया था। सुलह के बाद महिला ससुरालीजनों के साथ ससुराल लौट गई थी। वहीं सोमवार सुबह हुसेनगंज थाना क्षेत्र के बदले का पुरवा मजरे महोई गांव के लोग जंगल जा रहे थे। जहां उन्होंने महिला का शव पड़ा देखा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान रीता देवी के रूप में करते हुए पिता को सूचना दी।

एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि महिला की ससुरालीजनों ने गला दबा कर हत्या की है।

पिता महेन्द्रपाल लोधी ने पति जयप्रकाश समेत सास, ससुर, देवर व देवरानी के खिलाफ हुसेनगंज थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों की तलाष की जा रही है।

## मैनपुरीः300पुलिस अनफिट की शामत 300 पुलिस कर्मचारियों की की जाएगी स्क्रीनिंग

मैनपुरी/फर्रुखाबाद, (एजेंसी)सेना की भाँति अब पुलिस महकमे में भी कर्मचारियों की फिटनेस को लेकर कवायद शुरू हो गयी है। सूत्रों की मानें तो अनफिट पुलिस कर्मियों की शामत आने वाली है। तोंदू पुलिस कर्मियों को महकमे से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

80 किलो वजन व 50 की उम्र पार कर चुके तीन सौ से अधिक पुलिस कर्मियों की सूची बनाकर तैयार कर ली गई है। पुलिस कप्तान ने स्क्रीनिंग के लिए अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है। यह कमेटी चरित्र पंजिका में पुलिसकर्मी को अब तक मिले दंडों का अवलोकन करेगी। लापरवाह व तोंदू पुलिस कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

शासन के आदेश पर जनपद के सभी थानों व अन्य शाखाओं से 50 की उम्र पार कर चुके व 80 किलो से अधिक वजन के पुलिस कर्मियों की सूची बन गई है। तीन सौ से अधिक पुलिस कर्मी चिह्नित किए गए है। कई पुलिस कर्मियों ने एक पखवारे में जिम व योग करके अपना पांच से सात किलो वजन घटा लिया और लोहिया अस्पताल से फिटनेस प्रमाण पत्र बनवा लिया है। वहीं कुछ पुलिसकर्मी अपने पुराने ढर्रे पर ही हैं।

एसपी डॉ अनिल मिश्रा ने एएसपी अजय प्रताप की अध्यक्षता में सीओ मोहम्मदाबाद सोहराब आलम, सीओ अमृतपुर राजवीर सिंह सहित वरिष्ठ लिपिक माया देवी की कमेटी का गठन किया है। कमेटी चिह्नित पुलिस कर्मियों की चरित्र पंजिका में अब तक की नौकरी में मिले दंडों का अवलोकन कर पुलिसकर्मियों से व्यक्तिगत रुप से भी वार्ता करेगी। इसके बाद लापरवाह व तोंदू पुलिसकर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चिह्नित पुलिस कर्मचारियों में 7 निरीक्षक, 30 से 35 उपनिरीक्षक, 225 से 230 तक दीवान तथा 35 से 40 तक सिपाही शामिल हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिसकर्मियों की सूची लगभग बनकर तैयार है। कमेटी का गठन कर दिया गया है। स्क्रीनिंग होने के बाद लापरवाह व अस्सी किलो से अधिक वजन के पुलिसकर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। शासन के आदेश का पूरी निष्पक्षता से पालन किया जा रहा है।

क्रांति समय फाउंडेशन (NGO)

## शिव मंदिर में सेवादार की गला रेतकर हत्या

मिर्जापुर (एजेंसी)। जिले में मंदिर में सेवा का काम करने वाले की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना जिले में चील्ह थाना क्षेत्र के धौराहरा गांव में स्थित शिव मंदिर में हुई है। शव मंदिर के अंदर पड़ा हुआ था। सुबह पूजा करने पहुंची महिला ने शव देखकर शोर मचाया। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस को शव हटाने को लेकर स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया। स्थानीय लोग एसपी को बुलाने पर अड़े रहे। वहीं नवरात्र में बलि चढ़ाने की आशंका भी जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक धौरहरा गांव निवासी मुन्ना (25) पुत्र राम सजीवन सरोज गांव के ही हनुमान, शिव व बरम बाबा के मंदिर में सेवा का कार्य करता था। रात में वह खाना खाकर मंदिर पर सोने आया था। रात में वह चबूतरे पर सोया था। सुबह साढ़े पांच बजे गांव की एक महिला मंदिर में पूजा करने पहुंची तो मंदिर में गला रेता हुआ शव पड़ा देखा। महिला ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव मिलने की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। सूचना पर चील्ह पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाना चाह रही थी, लेकिन परिजन शव न ले जाने के लिए अड़ गए। परिजन हत्यारों को पकड़ने व एसपी के आने की मांग करते रहे।

## पूर्व मंत्री हरि शंकर तिवारी के विधायक पुत्र की कंपनी पर सीबीआई की छापेमारी,1500 करोड़ के घोटाले का आरोप

गोरखपुर (एजेंसी)। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बहुजन समाज पार्टी के विधायक विनय शंकर तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेज के कार्यालयों पर सोमवार को छापेमारी की। कंपनी पर 1500 करोड़ के बैंक लोन घोटाले को लेकर छापेमारी की गई है। विनय शंकर तिवारी पूर्वांचल के बाहुबली नेता पंडित हरिशंकर तिवारी के बेटे हैं। सीबीआई की छापेमारी लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में एक साथ की गयी। आरोप है कि बैंक लोन हड़प



कर दूसरी जगह निवेश करने का प्रयास किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि बसपा विधायक ने गंगोत्री इंटरप्राइजेस के लिए बैंक से लोन लिया था। लोन लेने के लिए फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग किया गया और बाद में कंपनी ने लोन का भुगतान भी नहीं किया। इस मामले में बैंक ने विनय तिवारी की कंपनी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई थी।

## श्री अग्रसैन जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई

हाथरस (एजेंसी)। इस वर्ष कोविड-19 के कारण श्री अग्रसैन जयंती शोभायात्रा तथा दो दिवसीय अग्रसैन मेला को पहले ही स्थगित कर दिया गया था। लेकिन अग्रसैन जयंती समारोह के अंतर्गत श्री अग्रसैन महाराज का पूजन, हवन आदि का कार्यक्रम अग्रवृद्ध पिता व अग्रवृद्ध माता का सम्मान कार्यक्रम श्री अग्रवाल धर्मशाला चावड़ गेट पर आयोजित किया गया।

समारोह में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल डिब्बे वालों को मातृ शोक होने के कारण अनुपस्थिति पर सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंशुल लोहिया व महामंत्री मुकेश कुमार गर्ग गोटा वाले व कोषाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल एडवोकेट तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव आर्य तथा भाजपा के प्रदेश सदस्य व अलीगढ़ निगम प्रत्याशी राजीव अग्रवाल ने प्रमुख रूप से हवन पूजन में अपनी सहभागिता की तथा सभी को अग्रसैन जयंती की शुभकामनाएं दीं। पूजन के उपरांत वृद्ध पिता का सम्मान जगदीश प्रसाद सिघानियां बिछुआ गली व वृद्ध माता का सम्मान श्रीमती माया देवी तायल दोबरावाल कालौनी को दुशाला व सम्मान पत्र आदि देकर मुख्य अतिथि श्रीमती शिल्पा अग्रवाल डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर द्वारा किया गया। शाम को 6 बजे से नगर के प्रमुख बाजारों में 20 स्थानों पर महाराजा श्री अग्रसैन जी के छवि चित्र पर माल्यार्पण, पूजन व आरती कर प्रसाद वितरित कर अग्रसेन जयंती महोत्सव को मनाया गया। जिसमें सादाबाद गेट पर कपिल अग्रवाल दाल वाले, चूना वाला डंडा पर रतन अग्रवाल चूना वाले, चावड़ गेट पर उमेशचंद सिंघल हुंडी वाले, चक्की बाजार में सत्यनारायण रेडीमेड वाले, सब्जी मंडी में लख्मीचंद सर्राफ, नयागंज में गोविंद अग्रवाल कपड़ा वाले, किला गेट पर संजय कुमार टालीवाल, मोती बाजार में अरविंद अग्रवाल बबलू कपड़े वाले, पसरट्टा बाजार बाजार मे गौरव अग्रवाल बॉबी, हलवाई खाना में राकेश अग्रवाल किराने वाले, रूई की मंडी में प्रमोद अग्रवाल चप्पल वाले, नजीहाई बाजार में अतुल कुमार अग्रवाल किराने वाले, घंटाघर पर कैलाशचंद अग्रवाल भगतजी, बैनीगंज में बूटिया ज्वैलर्स व विपुल सिंघानिया, सासनी गेट चौराहे पर धर्मेंद्र अग्रवाल कचौड़ी वाले व गोयल जनरल स्टोर, रामलीला ग्राउंड पर न्यू कल्पना ज्वैलर्स, कमला बाजार में अजय कुमार टालीवाल बर्तन वाले, गौशाला रोड पर बुद्धसैन आर्य व गौरव आर्य, बीएच ऑयल मिल रोड पर राजेश तायल तथा गुड़िहाई बाजार में दिलीप पोद्दार एडवोकेट व विनोद अग्रवाल एडवोकेट के कार्यालय पर अग्रसैन जी महाराज का पूजन व आरती की गई। इसके अलावा बहुत से अग्र बंधुओं ने अपने प्रतिष्ठानों पर व घरों पर अग्रसैन जी महाराज की प्रतिमा व छवि चित्रों पर पूजन, हवन और आरती कर प्रसाद वितरित किया।

## सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम निर्यात परिषद आगरा मण्डल के निदेशक बने विनोद कुमार कुशवाहा

आगरा (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आशीर्वाद से सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम निर्यात परिषद (एमएसएमई ईपीसी) के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद हरि नारायण राजभर ने भाजपा नेता विनोद कुमार कुशवाहा को आगरा मण्डल का निदेशक नियुक्त किया है। विनोद कुमार कुशवाहा ने आगरा मण्डल निदेशक (एमएसएमई ईपीसी) नियुक्त होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित एमएसएमई अध्यक्ष हरि नारायण राजभर का धन्यवाद किया है।

एमएसएमई ईपीसी के नवनियुक्त निदेशक विनोद कुमार कुशवाहा ने कहा है कि मुझे सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम निर्यात परिषद आगरा मंडल निदेशक नियुक्त किए जाने पर मेरे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आत्मनिर्भरता की और बढने के लिए काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में ये जिम्मेदारी मेरे लिए ओर भी ज्यादा अहम है। हमारा लक्ष्य युवाओं के हुनर को आगे लाना व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना होगा। इसके साथ ही हमारा लक्ष्य छोटे उद्योगों को आगे बढ़ाना भी होगा। मैं दिन रात कड़ी मेहनत करके उत्तर प्रदेश व अपने आगरा मण्डल की जनता के हितों के लिये काम करुँगा। भाजपा नेता विनोद कुमार कुशवाहा को एमएसएमई ईपीसी का आगरा मंडल निदेशक बनाए जाने पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है।

MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम
OUR STRENGTH • हमारी शक्ति
सत्यमेव जयते
Ministry of MSME, Govt. of India

## सार-समाचार

### परिवार ने 2 बच्चों संग किया लोकभवन के सामने आत्मदाह की कोशिश, पुलिस ने बचाया

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में स्थित लोकभवन के सामने सोमवार को बाराबंकी के एक परिवार ने अपने दो बच्चों के साथ आत्मदाह की कोशिश की। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें समय रहते बचा लिया। इससे पहले पिछले हफ्ते भी लोकभवन के पास एक महिला ने आग लगा ली थी, जिसकी बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस उपायुक्त सोमेन बर्मा के मुताबिक सोमवार दोपहर बाराबंकी के सदर कोतवाली के रहने वाले नसीर और उनकी पत्नी अपने दो नाबालिग बेटों के साथ विधानभवन के गेट नंबर दो के पास पहुंचे। यहां उन्होंने अपने और अपने पूरे परिवार के ऊपर कोई तरल पदार्थ डाला। इससे पहले की वह माचिस या लाइटर जला पाता, वहां खड़े पुलिसकर्मियों ने पूरे परिवार को पकड़ लिया। नसीर ने पुलिस पूछताछ में बताया कि बाराबंकी में उसकी दुकान थी, जिसे अतिक्रमण अभियान के दौरान गिरा दिया गया था। इससे उसके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है, इसलिये उसने परिवार सहित आत्मदाह का फैसला किया।

### भाजपा सांसद कौशल किशोर के पुत्र का निधन

लखनऊ (एजेंसी)। उप्र की राजधानी के ग्रामीण इलाके मोहनलालगंज से भाजपा सांसद कौशल किशोर के मंझले पुत्र आकाश किशोर (28) की किडनी फेल होने से मौत हो गई। आकाश की मृत्यु केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल में हुई है। वह काफी समय से बीमार थे और उनका इलाज चल रहा है। भाजपा सांसद के समर्थकों व क्षेत्रवासियों ने पुत्र के निधन पर शोक व्यक्त किया है। आकाश का विवाह चार वर्ष पहले श्वेता किशोर से हुआ था। आकाश का एक दो वर्ष का बेटा कृष्णा किशोर भी है।

### यूपी में मनरेगा की प्रगति से सीएम योगी संतुष्ट

लखनऊ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मनरेगा का वार्षिक लक्ष्य छह माह में पूर्ण किए जाने पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल खण्ड में ग्रामीण इलाकों में रोजगार के व्यापक अवसर सृजित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मनरेगा के कार्यों को प्राथमिकता पर संचालित कराया। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 के प्रारम्भ होने के साथ ही, माह अप्रैल में मनरेगा के तहत प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में विभिन्न कार्य प्रारम्भ किए गए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में मनरेगा योजना का सुनियोजित संचालन किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में अन्य कार्यों के साथ-साथ नदियों के पुनरुद्धार, तालाबों के निर्माण, वृक्षारोपण आदि कार्य भी बड़े पैमाने पर कराये गये। इन गतिविधियों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों के गरीबों तथा प्रदेश वापस आए श्रमिकों और कामगारों के लिए रोजगार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। ज्ञातव्य है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में मनरेगा के माध्यम से 26 करोड़ मानव दिवस सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इस लक्ष्य की छह माह में ही पूर्ति करते हुए प्रदेश में अब तक मनरेगा के अन्तर्गत 26.14 करोड़ मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं।

### सड़क दुर्घटना में व्यापारी की मौत, एक घायल

जौनपुर (एजेंसी)। जिले में बख्शा क्षेत्र के धनियामऊ के पास सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार व्यापारी की मृत्यु हो गयी जबकि एक युवक घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक बख्शा क्षेत्र में धनियामऊ के पास बाइक और स्कूटी के बीच टक्कर हो गई। हादसे में इलाहाबाद निवासी 50 वर्षीय व्यापारी अभिषेक पाण्डेय की मृत्यु हो गई जबकि बाइक सवार युवक घायल हो गया। बताया जाता है कि इलाहाबाद निवासी अभिषेक लखनऊ में कोराबार करता था और व्यापार के सिलसिले में किसी कार्य के लिए स्कूटी पर वाराणसी जा रहा था। वहीं घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### यूपी में कोरोना से रिकवरी रेट बढ़कर 91.64 फीसद हुआ

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में कोरोना का संक्रमण धीरे-धीरे कम होता दिख रहा है। वहीं रिकवरी रेट में भी लगातार वृद्धि हो रही है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोरोना के 1746 नए मामले सामने आए हैं। सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 21 हजार 495 हो गई है। कोरोना वायरस से ठीक होकर डिस्चार्ज होने वाले लोगों की संख्या 4 लाख 18 हजार 685 हो गई है। कोविड की रिकवरी दर भी बढ़कर 91.64 प्रतिषत हो गई है। पिछले चैबीस घंटों में प्रदेश में एक लाख 35 हजार 506 सैंपलों की जांच की गई। अब तक कुल एक करोड़ 31 लाख 47 हजार 388 सैंपल की जांच की जा चुकी है।

### युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

महोबा (एजेंसी)। जिले के कुलपहाड़ क्षेत्र में कथित रुप से बदमाषों द्वारा की गई पिटाई से क्षुब्ध होकर एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस उपाधीक्षक राम प्रवेश राय ने सोमवार को यहां बताया कि कुलपहाड़ कस्बे के कठवरिया मोहल्ला निवासी वृंदावन अहिरवार के इकलौते बेटे मनोज अहिरवार (23) ने रविवार को ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। आरोप है कि घटना के एक दिन पहले मनोज की पड़ोस के आधा दर्जन युवकों ने जमकर पिटाई कर दी थी।

पिता वृंदावन के अनुसार पिटाई से क्षुब्ध होकर उसके बेटे ने आत्महत्या की।

इस घटना में कार्रवाई की मांग को लेकर परिजनों ने रविवार को देर शाम झांसी.मिर्जापुर हाइवे जाम कर दिया था।

जिसके बाद पुलिस ने मामले में सभी आरोपी युवकों पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया था। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों ने आज सुबह फिर नौगांव मार्ग पर हंगामा किया।

जिससे उत्तर प्रदेश-मध्यप्रदेश मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसकी सूचना पर भारी संख्या में पुलिस व पीएसी मौके पर पहुंची। इस दौरान पीड़ित परिवार को अधिकारियों ने आर्थिक मदद व दोषियों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिसके बाद मनोज के परिवारीजन संतुष्ट हुए और दोपहर बाद उसके शव का अंतिम संस्कार किया जा सका।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# छह सालों में बहुत सारे सुधार हुए, अब उसकी गति, दायरा बढ़ रहा है: पीएम मोदी



मैसुरू। (एजेंसी)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बीते छह सालों में देश में चौतरफा सुधार हुए हैं और पिछले कुछ महीनों से इसकी गति और दायरे दोनों को बढ़ाया गया है ताकि 21वीं सदी भारत की हो। मैसूर विश्वविद्यालय के शताब्दी दीक्षांत समारोह को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ''हमारे देश में चौतरफा सुधार हो रहे हैं, इतने सुधार पहले कभी नहीं हुए। पहले कुछ फैसले होते भी थे तो वह किसी एक क्षेत्र में होते थे और दूसरे क्षेत्र छूट जाते थे।'' उन्होंने कहा, ''बीते छह सालों में बहुत सारे सुधार हुए हैं और कई क्षेत्रों में सुधार हुए हैं।'' कृषि के क्षेत्र में किए गए हालिया सुधारों, शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, मजदूरों के लिए लाए गए श्रम सुधार सहित अन्य सुधारों की चर्चा करते हुए मोदी ने कहा कि ये सुधार इसलिए किए जा रहे है ताकि यह दशक भारत का दशक बने। उन्होंने कहा, ''पिछले छह-सात महीने से सुधार की गति और दायरा दोनों बढ़ रहा है। खेती हो या अंतरिक्ष, रक्षा का क्षेत्र हो या उड्डयन का क्षेत्र, श्रम हो या फिर कोई और क्षेत्र, हर क्षेत्र में जरूरी बदलाव किए जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति देश के शिक्षा क्षेत्र का भविष्य सुनिश्चित कर रही है, तो ये युवाओं को भी सशक्त कर रही है। अगर खेती से जुड़े सुधार किसानों को सशक्त कर रहे हैं, तो श्रम सुधार मजदूरों और उद्योगों दोनों को विकास और सुरक्षा दे रहे हैं।''

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के फायदों के बारे में छात्रों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा यह ''प्री नर्सरी से लेकर पीएचडी'' तक देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था में मौलिक बदलाव लाने वाला एक बहुत बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा, ''भारत को उच्च शिक्षा के लिए एक वैश्विक केन्द्र और हमारे युवाओं को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। 'स्किलिंग', 'रिस्किलिंग' और 'अपस्किलिंग' आज की जरूरत और राष्ट्रीय शिक्षा नीति इसी पर केन्द्रित है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि बीत छह सालों में देश को उच्च शिक्षा के केंद्र के रूप में स्थापित करने का हर स्तर पर प्रयास हो रहा है। इसी को ध्यान में ध्यान में रखते हुए देश में प्रबंधन, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संस्थानों और उनमें सीटों की संख्या बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि छह सालों के भीतर सात नए भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), 15 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), हर साल एक नया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और 16 नए भारतीय सूचना और प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा, ''वर्ष 2014 से पहले देश में 13 आईआईएम ही थे। इसी तरह करीब छह दशक तक देश में सिर्फ सात एम्स देश में सेवाएं दे रहे थे। साल 2014 के बाद इससे दोगुने यानि 15 एम्स देश में या तो स्थापित हो चुके हैं या फिर शुरु होने की प्रक्रिया में हैं। आजादी के इतने वर्षों के बाद भी साल 2014 से पहले तक देश में 16 आईआईटी और नौ आईआईआईटी थे।''

इसे भी पढ़ें- जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट और कोरोना से मौतों को लेकर मोदी सरकार पर बरसे राहुल गांधी

प्रधानमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे प्रयास सिर्फ नए संस्थान खोलने तक ही सीमित नहीं है। इन संस्थाओं के प्रशासन में सुधार से लेकर लैंगिक और सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया गया है। इन संस्थानों को ज्यादा अधिकार भी दिए गए हैं और इनमें पारदर्शिता भी लाई गई है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता की कमी थी और उसे दूर करने के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग बनाया जा चुका है। उन्होंने कहा, ''भारत के जीवन में यह दशक बहुत बड़ा मौका लेकर आया है। देश के युवा आत्मनिर्भर बनेंगे तो देश भी आत्मनिर्भर बनेगा।'' प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कर्नाटक में बाढ़ और भारी बारिश से अस्त व्यस्त हुए जनजीवन और नुकसान की भी चर्चा की और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने कहा कि केन्द्र और कर्नाटक सरकार राज्य में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। कर्नाटक के राज्यपाल वजूभाई वाला और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। ज्ञात हो कि मैसूर विश्वविद्यालय की स्थापना 27 जुलाई, 1916 को हुई थी। यह देश का छठा विश्वविद्यालय और कर्नाटक राज्य में पहला विश्वविद्यालय था। विश्वविद्यालय की स्थापना तत्कालीन मैसूर रियासत के दूरदर्शी महाराजा, नलवाड़ी कृष्णराज वाडियार और तत्कालीन दीवान सर एम.वी. विश्वेश्वरैया ने की थी।

## सार समाचार

### आर्मी के साथ कॉम्बेट रोल में असम राइफल्स की महिला सैनिक, एलओसी के पास ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए तैनात

नयी दिल्ली। वैसे तो महिला जवान तथा अधिकारी लद्दाख स्काउट में शामिल होकर लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) तथा देश की सुरक्षा के साथ संबंधित जिम्मेदारी निभा रही हैं। इसी तरह बीएसएफ की महिलाओं को भी अंदरूनी सुरक्षा से जुड़े कार्य सौंपे गए हैं, पर पैरामिलिट्री फोर्स असम राइफल्स की 9 महिला सैनिकों को पहली बार आर्मी के साथ कॉम्बेट रोल में लाइन ऑफ कंट्रोल के काफी पास तैनात किया गया है। जम्मू कश्मीर की कुपवाड़ा में दस हजार फीट की ऊंचाई का इलाका साधना पास का वो इलाका जहां पर पहली बार महिला सैनिकों की ड्यूटी लगाई गई है। पाकिस्तान की सीमा से सिर्फ दस-बारह किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस इलाके में चौकस निगाहों से महिला जवान इलाके के चप्पे-चप्पे पर नजर रख रही हैं।

**तैनाती का खास मकसद**

इन्हें खास मकसद के तहत जम्मू कश्मीर में तैनाती दी गई है। आर्मी के टॉप ऑफिशल के अनुसार असम राइफल्स की महिला सैनिकों की तैनाती स्मगलिंग को रोकने के लिए की गई है। इस इलाके से स्मलिंग की घटनाओं के इनपुट सेना को ज्यादा मिल रहे थे। उस रिपोर्ट के अंतर्गत महिला, बच्चों और लड़कियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिनको सेना के जवान सही से सर्च नहीं कर पाते थे।

### दिल्ली में दुर्गा पूजा का आयोजन ऑनलाइन होगा, घर पर ही पहुंचाया जाएगा प्रसाद

नयी दिल्ली। कोरोना वायरस महामारी के समय में इस वायरस के प्रकोप से बचाव के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में दुर्गा पूजा आयोजकों ने खास तैयारी करने का निर्णय लिया है। इसके तहत, ऑनलाइन दर्शन के साथ ही प्रसाद घर पर ही पहुंचाया जाएगा और पुजारियों के अलावा रसोइये का भी कोविड-19 परीक्षण कराया जाएगा। कुछ आयोजकों ने कहा कि वे अंतिम समय में किसी भी दिक्कत से बचने के लिए दो पुजारियों की सेवा लेंगे ताकि एक पुजारी यदि संक्रमण की चपेट में आ जाए तो दूसरा जिम्मेदारी निभा सके। इसके अलावा, संपर्क में आए लोगों का आसानी से पता लगाने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का पूरा विवरण रखने की भी योजना है। दिल्ली में अधिकतर दुर्गा पूजा समितियों ने फैसला किया है कि आम लोगों को प्रवेश की अनुमति नहीं जाए और सीमित संख्या में केवल समिति के सदस्य दर्शन करें। दिल्ली में दुर्गा पूजा उत्सव का भव्य आयोजन करने वाली चितरंजन पार्क काली मंदिर सोसायटी ने इस साल कोविड-19 महामारी के मद्देनजर आम जनता को मंदिर प्रांगण में प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया है। सोसायटी ने एक डीटीएच सेवा प्रदाता और स्थानीय केबल संचालक से समझौता किया है ताकि श्रद्धालु घर बैठे ही मां दुर्गा की मूर्ति के दर्शन कर सकें। साथ ही सोसायटी ने अन्य सोशल मीडिया माध्यमों जैसे अपने फेसबुक पेज और यूट्यूब चैनल पर ऑनलाइन दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने की भी योजना बनाई है।

### जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट और कोरोना से मौतों को लेकर मोदी सरकार पर बरसे राहुल गांधी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एशिया के कई देशों के मुकाबले भारत की जीडीपी वृद्धि दर में ज्यादा गिरावट के अनुमान और प्रति 10 लाख आबादी पर कोरोना वायरस से होने वाली मौत से जुड़े आंकड़ों को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधा। उन्होंने आईएमएफ और कुछ अन्य स्रोतों का हवाला देते हुए ट्विटर पर कुछ आंकड़े साझा करते हुए कहा, ''अर्थव्यवस्था को कैसे पूरी तरह नष्ट किया गया और तेजी से इतने ज्यादा लोग (कोरोना से) संक्रमित हो गए।''कांग्रेस नेता ने जो आंकड़े साझा किए, उनके मुताबिक, मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर - 10.30 फीसदी रहने का अनुमान है, जो इंडोनेशिया, पाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, अफगानिस्तान और कुछ अन्य एशियाई देशों की तुलना में ज्यादा बड़ी गिरावट होगी। इन आंकड़ों में यह भी दर्शाया गया है कि प्रति 10 लाख आबादी पर कोविड-19 से होने वाली मौत के मामले में भारत चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया तथा कई अन्य देशों से आगे है।

### बसपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव केके सचान समाजवादी पार्टी में शामिल

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव के.के. सचान एवं पूर्व विधायक मिथलेश कटियार ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) का दामन थाम लिया। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि बसपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके सचान तथा कानपुर देहात के राजपुर (सिकन्दरा) क्षेत्र की पूर्व विधायक मिथिलेश कटियार ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में आस्था जताते हुए बसपा छोड़कर सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने बताया कि भदोही जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेश सोनकर भी सपरिवार समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। चौधरी ने बताया कि सचान और मिथिलेश समेत सपा में शामिल हुए सभी लोगों ने अखिलेश से मिलकर भरोसा दिलाया कि वे वर्ष 2022 में राज्य में सपा की सरकार बनाने के लिए अपने सभी समर्थकों के साथ पूरी निष्ठा से काम करेंगे। सपा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि बसपा के बड़े नेता रहे सचान तथा पार्टी में शामिल हुए अन्य लोगों के आने से समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## भारत में इजराइल के दूतावास में जनवरी से होंगे 'जल अताशे' : राजदूत

**नयी दिल्ली।** भारत में इजराइल के राजदूत रोन मल्का ने कहा कि यहां इजराइली दूतावास में अगले साल जनवरी से एक अलग 'जल अताशे' होंगे जो भारत में जल प्रबंधन तथा कृषि क्षेत्र में मदद के लिए अपने देश की सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों को साझा करेंगे। मल्का ने कहा कि इसके अलावा इजराइल, भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी और सहभागिता बढ़ाने के उददेश्य से एक मानद वाणिज्य दूत की नियुक्ति भी करेगा।मल्का ने एक साक्षात्कार में कहा कि उत्तर पूर्व में इजराइल की मौजूदगी कम थी और अब यह अपनी मौजूदगी बढ़ रहा है क्योंकि उसे लगता है कि इससे इस क्षेत्र में अनेक विकास सेक्टरों में सहायता मिल सकती है। इजराइली राजदूत ने कहा कि जनवरी में उनका देश पहली बार 'जल अताशे' की नियुक्ति करने जा रहा है जो यहां कई सालों से पदस्थ 'कृषि अताशे' के साथ मिलकर काम करेंगे और वे भारत-इजराइल साझेदारी के तहत कृषि के उत्कृष्टता केंद्रों में जाएंगे और भारत में जल प्रबंधन तथा कृषि की प्रौद्योगिकी और प्रणाली लाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत में ऐसे 29 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किये गये हैं और एक साल में इन केंद्रों में करीब डेढ़ लाख किसानों को प्रशिक्षित किया गया है। मल्का ने कहा, ''भारत और इजराइल की जल प्रबंधन में रणनीतिक साझेदारी है। हम इस मुख्य विषय पर साझेदारी कर रहे हैं क्योंकि हम समझते हैं और मानते हैं कि भारत में कोविड के बाद पानी सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है।'' उन्होंने अपने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मित्रवत संबंधों की भी प्रशंसा की।

## पवार बोले, बाढ़ प्रभावितों की सहायता के लिए महाराष्ट्र सरकार को लेना होगा ऋण

मुंबई। (एजेंसी)।



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र ''ऐतिहासिक आर्थिक संकट'' का सामना कर रहा है और राज्य में बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए राज्य सरकार के पास ऋण लेने के सिवा कोई विकल्प नहीं है। बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए मराठवाड़ा क्षेत्र के दौरे पर गए पवार ने उस्मानाबाद जिले के तुलजापुर में संवाददाताओं से कहा कि इस तरह के बड़े संकट के समय राज्य सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती है। पिछले हफ्ते पुणे, औरंगाबाद और कोंकण क्षेत्र में भारी बारिश और बाढ़ से कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई जबकि लाखों हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गईं। आधिकारिक सूचना के मुताबिक, शुक्रवार तक चार जिलों में 40,036 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। इनमें 32,500 लोग सोलापुर और छह हजार से अधिक व्यक्ति पुणे के हैं। पवार ने कहा, ''बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए राज्य के पास ऋण लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राज्य ऐतिहासिक आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। मुद्दे पर चर्चा के लिए मैं मुख्यमंत्री से मुलाकात करूंगा।'' पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सर्वाधिक बुरी तरह प्रभावित इलाकों में उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, नांदेड़ और पंढरपुर शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि सोयाबीन, कपास और गन्ने की फसल बर्बाद हुई है। यह पूछने पर कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे राज्य का दौरा क्यों नहीं कर रहे हैं तो पवार ने कहा, ''मैंने ठाकरे से आग्रह किया था कि वह एक स्थान पर रूककर योजना बनाएं। प्रशासन को उचित योजना बनाकर निर्णय लेने की जरूरत है।'' उन्होंने कहा कि किसानों ने ऋण लेकर खेती की है और बाढ़ के कारण फसल भी बर्बाद हो गई। उन्होंने कहा कि खेतों की मिट्टी बह गई और कुएं, पाइपलाइन और घर भी भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा, ''संकट के समय राज्य और केंद्र सरकारें मिलकर काम करती हैं। इतने बड़े संकट के समय राज्य सरकार अकेले कुछ नहीं कर सकती है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने पढ़ा है कि प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से बात की थी और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राज्य के साथ है। हमारे बीच मतभेद हैं लेकिन इस तरह के संकट के समय हम एकजुट हो जाते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम स्वागत करेंगे अगर (पूर्व मुख्यमंत्री) देवेंद्र फडणवीस हमारे साथ आते हैं (किसानों के लिए पैकेज की मांग करने में)।'' हाल में लागू किए गए नये कृषि कानूनों के बारे में पवार ने कहा कि बाजार को खोल दिया गया है और किसान अपनी फसल कहीं भी बेच सकते हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर पहले सरकार निर्णय करती थी जो अब नहीं है। अगर केंद्र सरकार कहती है कि वह एमएसपी देगी तो इसे कानून में क्यों नहीं शामिल किया गया, यही किसानों का सवाल है।

## नियंत्रित किया जा सकता है पराली से होने वाला प्रदूषण पर राजनीतिक इच्छशक्ति की कमी है: केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वायु प्रदूषण पर काबू के लिए सोमवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ मासिक बैठकें करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस मुद्दे के हल के लिए राज्यों के स्तर पर राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। केजरीवाल ने एक डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पराली जलाने पर रोक और वायु प्रदूषण पर काबू के लिए प्रभावित राज्यों के बीच कोई समझौता नहीं हो सका है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण पर बहुत कम समय में काबू पाया जा सकता है। लेकिन ऐसा करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी दिखाई देती है। केजरीवाल ने कहा कि फसल अवशेषों को जैव-अपघटित किया जा सकता है या उसे बायोगैस, कोयले और यहां तक कि कार्डबोर्ड में भी बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि धान के पुआल को संपीडित (कंप्रेस) कर बायोगैस या कुकिंग कोल में बदला जा सकता है। हरियाणा के करनाल में कुछ कारखाने ऐसा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल अवशेषों को एक साल के भीतर अवसर में बदला'' जा सकता है, बशर्ते पराली जलाने पर रोक के लिए एक निश्चित समयसीमा हो। केजरीवाल ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ मासिक बैठकें करने का अनुरोध किया।

## उत्तराखंड के उत्पादों का बनेगा एक 'अम्ब्रेला ब्रांड' : त्रिवेंद्र सिंह रावत

देहरादून। (एजेंसी)।



मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को उत्तराखंड के उत्पादों के लिए एक 'अम्ब्रेला ब्रांड' बनाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने वाले केन्द्र बिक्री और मुनाफे का लक्ष्य निर्धारित कर काम करें। वृद्धि केन्द्रों की यहां समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री रावत ने जिलाधिकारियों से इन केन्द्रों में स्वयं जाकर वहां की समस्याओं का निस्तारण करने तथा इससे जुडे लोगों के कौशल विकास तथा उनके उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग की व्यवस्था करने को कहा।

राज्य के इन वृद्धि केन्द्रों को आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का अच्छा उदाहरण बताते हुए मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि इन केन्द्रों में तैयार होने वाले उत्पादों की समय विशेष पर ही नहीं बल्कि नियमित बिक्री सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए आसपास के कुछ केन्द्रों को मिलाकर एक पिकअप वाहन उपलब्ध कराया जा सकता है जिससे यातायात लागत कम हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वृद्धि केन्द्रों से जुड़े लोगों विशेषतौर पर महिलाओं के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है और इस आत्मविश्वास को और बढ़ाना है। रावत ने कहा कि उत्तराखंड के सभी उत्पादों के लिए एक अम्ब्रेला ब्रांड बनाया जाए जिसके तहत अन्य ब्रांड भी चलते रहेंगे। उन्होंने इसके लिए विशेषज्ञों की सहायता लेने के निर्देश देते हुए कहा कि ब्रांड का नाम ऐसा रखा जाए जिसमें उत्तराखंड की फीलिंग आए। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग इसे क्रियान्वित करेगा।

इसे भी पढ़ें- जेपी नड्डा का तंज, परिवारों के सेवक बन गए हैं विपक्षी दल

बैठक में अपर मुख्य सचिव मनीषा पंवार ने बताया कि अभी तक प्रदेश में कुल 104 वृद्धि केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं जिनमें से 72 क्रियाशील हो चुके हैं और अन्य भी जल्द ही शुरू हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि कृषि उत्पाद व्यापार, बेकरी, डेयरी व दुग्ध उत्पाद, ऊन, प्रसाद,मसाला, फल प्रसंस्करण, शहद, हथकरघा तथा एरोमा आधारित इन ग्रोथ सेंटरों से लगभग 30 हजार लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इस वर्ष सितंबर तक ग्रोथ सेंटरों की कुल बिक्री 6.09 करोड रू रही जिससे 60 लाख रू से अधिक का लाभ हुआ।

## उद्धव ने किया आश्वस्त, बाढ़ प्रभावित लोगों की हरसंभव तरीके से करूंगा मदद

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने सोमवार को कहा कि भारी बारिश के कारण बाढ़ का खतरा अब भी बना हुआ है और उन्होंने आश्वस्त किया कि उनकी सरकार प्रभावित लोगों की हरसंभव तरीके से सहायता करेगी। बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा करने के बाद सोलापुर जिले में ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले हफ्ते मॉनसून लौटने के दौरान शुरू हुई भारी बारिश के समय से ही वह स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। पिछले हफ्ते भारी बारिश और बाढ़ के कारण पुणे, औरंगाबाद और कोंकण क्षेत्र में कम से कम 48 लोगों की मौत हो गई, जबकि लाखों हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गईं। ठाकरे ने कहा, ''मौसम ब्यूरो ने चेतावनी दी है कि आगामी दिनों में और बारिश होगी। मैं यहां स्थिति का आकलन करने और पंचनामा करने आया हूं।'' उन्होंने कहा, ''संकट समाप्त होने के बाद हम हरसंभव तरीके से सहयोग करेंगे। मैं अभी कोई घोषणा नहीं करूंगा।'' इससे पहले उन्होंने दस महिलाओं को चार-चार लाख रुपये का चेक दिया जिनके परिवार के सदस्यों की बाढ़ के कारण मौत हो गई। उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष से यह सहयोग राशि दी। विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेन्द्र फडणवीस के इस बयान पर कि राज्य सरकार को सहयोग के लिए केंद्र की तरफ देखना बंद कर देना चाहिए, ठाकरे ने कहा, ''इसमें गलत क्या है?'' उन्होंने कहा, ''केंद्र कोई विदेश की सरकार नहीं है। उसका काम देश एवं राज्यों की देखभाल करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मुझे फोन किया और केंद्र की तरफ से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।''

## बंगाल दौरे पर बोले नड्डा, सीएए का लागू होना तय, 'फूट डालो, राज करो' की नीति पर चल रही ममता सरकार

सिलीगुड़ी। (एजेंसी)।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की सरकार पर ''फूट डालो और राज करो'' की नीति पर चलने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होना तय है। अपने एकदिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे नड्डा ने 2021 में प्रस्तावित पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले संगठनात्मक तैयारियों का जायजा लिया और विभिन्न समुदाय के लोगों से चर्चा की। उन्हें संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, ''भाजपा और (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी की मूल नीति है- सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास। दूसरी पार्टियों कि नीति है- भेद डालो, समाज को बांटो, अलग-अलग करके रखो, अलग-अलग मांग करो और राज करो।'' उन्होंने आगे कहा, ''वर्तमान सरकार (पश्चिम बंगाल) यही कर रही है। फूट डालो और राज करो। सबको समावेश करके चलने की ताकत सिर्फ मोदी जी में है। भाजपा समाज को जोड़ती है जबकि वे लोग समाज को तोड़कर वोटबैंक की राजनीति करते हैं।''

नड्डा ने किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को राज्य में लागू न करने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही इन योजनाओं को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''दुःख की बात है कि ममता जी की सरकार ने किसान सम्मान निधि को बंगाल में लागू नहीं होने दिया। बंगाल के 76 लाख किसानों को इससे वंचित रखा गया है। इसी प्रकार राज्य के लोग आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित हैं। आप भाजपा की सरकार बनाइए, ये योजनाएं लागू होकर रहेंगी।'' सीएए के बारे में भाजपा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह राज्य में लागू होकर रहेगा। उन्होंने कहा, ''आपको सीएए मिलेगा और मिलना तय है। अभी नियम बन रहे हैं। कोरोना के कारण थोड़ी रूकावट आई है। जैसे-जैसे कोरोना हट रहा है, नियम बन रहे हैं। ये मिलना तय है।'' सिलीगुड़ी पहुंचने के बाद नड्डा ने आनंदमयी कालीबाड़ी मंदिर में पूजा करने से पहले यहां के नौका घाट पर समाज सुधारक ठाकुर पंचानन बर्मन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय और उपाध्यक्ष मुकुल रॉय जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेता भी नड्डा के साथ मंदिर गए। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नड्डा ने पिछले कुछ महीनों में बंगाल में कई रैलियों और पार्टी कार्यक्रमों को ऑनलाइन संबोधित किया है। मार्च में कोविड-19 महामारी के प्रकोप के बढ़ने के बाद से भाजपा प्रमुख का राज्य का यह पहला दौरा है।

# नोएडा में आसमान में 'एलियन' उड़ता देख सहमे लोग, पुलिस ने दौड़कर किया पीछा

नयी दिल्ली। (एजेंसी)।

आपने अकसर कहानी-किस्सों में धरती से बाहर रहने वाले एलियन के बारे में जरुर सुना होगा। ग्रेटर नोएडा में हाल ही में लोगों ने एलियन के दर्शन भी कर लिए। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के भट्टा परसौल गांव के स्थानीय लोगों ने शनिवार (17 अक्टूबर) को आसमान में एक एलियन उड़ता हुआ देखा। एलियन को देखकर लोगों के होश उड़ गये। एलियन के पीछे लोग भाग रहे थे। हवा में एलियन की खबर सुनकर पास के थाने के पुलिस वाले भी गांव में पहुंच गये। नजारा कुछ ऐसा था कि हवा में उड़ता एलियन उसके पीछ भागते गांव के लोग और पुलिस।

**नहर में गिरा एलियन**

हवा में उड़ती इस अजीब सी चीज को देखकर हर कोई हैरान था। सबके होश उड़ चुके थे। स्थानीय लोग आपस में बात कर रहे थे कि आखिर 2020 क्या क्या दिखाने वाला है। स्थानीय लोगों में से किसी ने कोरोना वायरस और एलियन के बीच कनेक्शन भी कर लिया गांव के लोगों के बीच अफवाहों का पहाड़ बन ही रहा था कि उससे पहले एक-डेढ़ किलोमीटर हवा में एलियन के दौड़ने के बाद उसकी हवा निकल गयी और वह एलियन एक तालाब के पानी में बिना डूबे जाकर बैठ गया।

**लोगों में मचा हड़कंप**

पानी में एलियन बैठा देखकर लोग सहम गये। किसी ने उसे शैतान कहा तो किसी ने भूत। हर कोई ये नजारा देखकर डरा हुआ था। किसी की भी पानी पर बैठे एलियन के पास जाने की हिम्मत नहीं थी।

**एलियन नहीं धरती पर आया आयरन मैन**

हिम्मत जुटा कर एलियन के पास पुलिस पहुंची तो नजारा काफी अलग था। पानी में बैठा एलियन कोई एलियन नहीं बल्कि मार्वल के सुपरहीरों आयरन मैन का रोबोट के आकार का गुब्बारा था। किसे गैस से उड़ाया जा रहा था। गैस खत्म होने के बाद वह नहर के किनारे जाकर गिर गया।

**पुलिस का आया बयान**

दनकौर के थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडे ने इस बारे में मीडिया से बात करते हुए बताया कि यह हवा से भरा गुब्बारा था, जो बाद में नहर के पास झाड़ियों में फंस गया था। गुब्बारे के अलग अलग हिस्से हो जाने के कारण हम इसके आकार को समझ नहीं पा रहे थे। उन्होंने कहा, %गुब्बारे का एक हिस्सा नहर के बहते पानी को छू रहा था, जिस वजह से वह थोड़ा-थोड़ा हिल रहा था, इसी कारण कुछ लोगों को यह अजीब प्राणी जैसा लगा।



स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)